


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 252 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, बुधवार 29 जून 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास खबर

### कोरोना ने बढ़ाई टेंशन, एक ही दिन में बढ़ गए 25 फीसदी तक मरीज, 30 लोगों की मौत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी ने एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी बुधवार के आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में कोरोना के 14,506 नए मामले सामने आए हैं जो कि कल की तुलना में लगभग 25 फीसदी अधिक है। वहीं इस दौरान 30 मरीजों की जान चली गई। बता दें कल के आंकड़े में 11,793 मामले सामने आए थे और 27 मरीजों की मौत हुई थी। हालांकि, बीते 24 घंटों में 11,574 लोग डिस्चार्ज भी हुए। देश में सक्रिय मरीजों की संख्या 99,602 हो गई है जो कि कल की तुलना में 2902 अधिक है। महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 52,50,77 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में कोरोना के मामलों ने एक बार फिर से टेंशन बढ़ा दी है। यहां बीते 24 घंटों में 874 नए मरीज सामने आए हैं जबकि संक्रमण से चार लोगों की मौत हो गई है। बता दें कि इससे पहले मंगलवार को जारी आंकड़े में 628 मामले सामने आए थे और तीन लोगों की मौत हो गई थी। महाराष्ट्र में बीते 24 घंटे में कोरोना के 3,482 मामले सामने आए हैं और नौ लोगों की मौत हो गई। बता दें कि आज कल की तुलना में 1113 मरीज अधिक सामने आए हैं।

### मुकेश अंबानी ने जिओ टेलिकॉम के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दिया, आकाश अंबानी बने नए चेयरमैन

**मुंबई ( एजेंसी )।** रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने अपनी आगे की पीढ़ी को बिजनेस की कमान देने की शुरूआत कर दी है। मुकेश अंबानी ने जिओ टेलिकॉम के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया है। अब मुकेश अंबानी के बेटे आकाश अंबानी जियो के नए चेयरमैन बन गए है। कंपनी के बोर्ड ने आकाश अंबानी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। साथ ही सेबी को भी इसकी सूचना दे दी है।

### आज हल्की बारिश की संभावना

**रायपुर।** प्रदेश में आज 29 जून को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका उत्तर-पश्चिम राजस्थान से पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तथा उससे लगे दक्षिण तटीय उड़ीसा तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक विंडशियर जोन 19 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते प्रदेश में आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

# मुख्यमंत्री ने भरतपुर-सोनहत को दी 188 करोड़ के कार्यों की सौगात

## 43 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बैकुण्ठपुर रेस्ट हाउस में भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के कुल 188 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत के 43 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिनमें 29 करोड़ 28 लाख रुपए लागत के 10 कार्यों का भूमिपूजन तथा 159 करोड़ 47 लाख रुपए लागत के 33 कार्यों का लोकार्पण किया गया। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक गुलाब कमरो इस अवसर पर उपस्थित थे।



जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पेजयल व्यवस्था हेतु 59 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना जिसकी लागत 6 करोड़ 58 लाख रुपए होगी। 5 किमी लम्बाई के मसौरा से कुदरा मार्ग का निर्माण लागत राशि 5 करोड़ 95 लाख रुपए, 5 किमी के काचरडांड से मधौरा पहुंच मार्ग का निर्माण लागत राशि 4 करोड़ 87 लाख रुपए, साल्ही से कर्मघोघा पहुंच मार्ग राशि 3 करोड़ 39 लाख रुपए तथा पसौरी से कोतमा मार्ग पर बरने नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुच मार्ग का निर्माण लागत राशि 5 करोड़ 34 लाख रुपये होगी।

### मुख्यमंत्री ने कोरिया जिले को दी पांच एम्बुलेंस की सौगात



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया जिले के मुख्यालय बैकुंठपुर के विश्राम गृह से जिले के पांचों विकासखण्ड के लिए सांसद निधि द्वारा प्रदत्त 5 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कोरिया जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार व दूरस्थ क्षेत्रों में त्वरित आपात चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में ये एम्बुलेंस उपयोगी साबित होंगी। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव श्रीमती अम्बिका सिंहदेव एवं विधायक गुलाब कमरो इस अवसर पर उपस्थित थे।

### लोकार्पण के प्रमुख कार्य

इसी तरह लोकार्पण में मुख्य रूप से शामिल सिचाई हेतु सौर सुजला योजनान्तर्गत 1297 नग सोलर पंप की स्थापना जिसकी लागत राशि 36 करोड़ 05 लाख रुपये है। जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पेजयल व्यवस्था हेतु 81 नग सोलर ड्यूल पंप की स्थापना 12 करोड़ 37 लाख रुपए लागत राशि, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तहत भरतपुर से डोम्हरा 23.05 कि.मी. सड़क निर्माण 17 करोड़ 34 लाख रुपए, पेन्ड्री से महाई से लोहारी 16.60 कि.मी. का निर्माण 12 करोड़ 24 लाख रुपए लागत राशि से, पीएमजीएसवाई टी-03 7 किमी पिपरिया सड़क से नागपुर रेलवे स्टेशन व्हाया सिरियाखोह- चिरईपानी 18.30 कि.मी. का निर्माण 14 करोड़ 08 लाख रुपए लागत राशि से तथा केल्हारी में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य 2 करोड़ 37 लाख रुपए लागत राशि से शामिल है।

# अंबिकापुर में हादसा, भिलाई के कारोबारी भाइयों की मौत

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 3 भाइयों की हालत गंभीर



श्रीकंचनपथ न्यूज


भिलाई/अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में बुधवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार कारोबारी दो भाइयों की मौत हो गई। जबकि 3 भाइयों की हालत गंभीर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। हादसा उदयपुर थाना क्षेत्र में हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, भिलाई के सुपेला निवासी हरिंदर यादव (57) अपने भाई सभापति यादव (56), राजेंद्र प्रसाद यादव, राकेश यादव और वीरेंद्र यादव के साथ उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से लौट रहे थे। बुधवार सुबह करीब 5.45 बजे तारा बैरियर से करीब 200 मीटर आगे बिलासपुर रोड पर पहुंचे थे कि तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सुबह-सुबह हादसा हुआ देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद सभी को कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह कार से बाहर निकाला गया। शव बुरी तरह से अंदर फंसे हुए थे। हादसे में मौके पर ही हरिंदर यादव (57) और सभापति यादव की मौत हो चुकी थी। दोनों भाई भिलाई स्थित बबीना बार के संचालक थे।

# पुलिस मुखबिरी के शक में सरपंच की हत्या, बंदूक की नोक पर घर से उठा ले गए नक्सली

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** जिले में फिर एक बार नक्सलियों ने बेकसूर की जान ले ली। पुलिस मुखबिरी के शक में नक्सलियों ने यहां एक गांव के सरपंच को मार डाला। हत्या के बाद शव को गांव के बाहर फेंक कर चले गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और सरपंच के शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना जिले के तोयनार थाना क्षेत्र के मोरमेड गांव की है। यहां के सरपंच रतिराम कुडियम की मंगलवार की रात को माओवादियों ने हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि रतिराम कुडियम कई दिनों से नक्सलियों के निशाने पर था। मंगलवार की रात को 8 से 10 की संख्या में नक्सली गांव में पहुंचे। इस दौरान रतिरात परिवार के साथ सो रहा था।

नक्सली सरपंच के घर पहुंचे और उसे बंदूक व धारदार हथियार दिखाते हुए उठाकर ले गए। इस बीच परिवार के लोगों ने रोकने की कोशिश की और सरपंच को छोड़ देने की गुहार लगाते रहे लेकिन नक्सलियों ने परिजनों की एक भी नहीं सुनी। परिवार वालों को बंदूक दिखाते हुए सरपंच को उठा ले गए। जंगल में ले जाकर नक्सलियों ने रतिराम की हत्या कर दी और उसके शव को गांव के बाहर फेंक कर चले गए।

## केन्द्र के समान महंगाई भत्ता देने व गृह भाड़ा बढ़ाने की मांग

# अवकाश को लेकर निगम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगरीय निकायों में आज कार्यालयीन कामकाज ठप्प रहा। कर्मचारियों के सामूहिक अवकाश लेकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने से यह स्थिति जिले के सभी नगरीय निकायों में बनी रही। कर्मचारियों ने केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने और गृह भाड़ा बढ़ाने की मांग को लेकर निकायों के बाहर प्रदर्शन किया।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के बैनर तले आज नगर निगम और पालिका के कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता देने की मांग को लेकर नारेबाजी की गई। वहीं वर्तमान में मिल रहे गृह भाड़ा को कम बताते हुए बढ़ाने की मांग राज्य सरकार से की गई।? निगम व पालिका कार्यालय के प्रवेश द्वार पर प्रदर्शन करने के बाद शाम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। फेडरेशन के आह्वान पर नगरीय निकाय कर्मचारियों के इस आंदोलन का असर दुर्ग, भिलाई, रिसाली और भिलाई - चरोदा नगर निगम में देखने को मिला। आवश्यक सेवाओं से संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को बाकी के अवकाश में रहने से कार्यालयीन कामकाज लगभग ठप्प रहा। जामुल और कुम्हारी नगर पालिका के कर्मचारी भी आज प्रदर्शन में शामिल रहे। भिलाई में प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के अध्यक्ष राम बृज यादव ने किया। भिलाई - चरोदा के कर्मचारियों ने अध्यक्ष कल्याणी शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। वहीं दुर्ग नगर निगम में अध्यक्ष शिव शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ।

# विधायक देवेन्द्र की पहल पर सेक्टर 4 में होगा एलईडी लाइट सह स्ट्रोटर्फयुक्त बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेक्टर 4 वार्ड 57 के वार्डवासियों को भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक और बेहतरीन सौगात देने वाले है। अपने विधायक निधि से सेक्टर 4 में एस्ट्रोट्रफ सह एलईडी लाइट सह स्ट्रोटर्फयुक्त बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। जिसका ड्राइंग डिजाइन तैयार करने के साथ ही प्रशासनिक स्वीकृति होने के साथ अब जल्द ही इसका भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

सेक्टर 4 के सम्मानित नागरिकों की मांग पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पहल करते हुए सेक्टर 4 एलइडी लाइट सह स्ट्रोटर्फ युक्त बैडमिंटन कोर्ट बनाने की पहल की है। करीब 10 लाख की लागत इसका निर्माण किया जाएगा। विधायक श्री यादव ने सम्मानित नागरिकों की मांग पर प्रशासनिक स्वीकृति लेकर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए कोई योजना तैयार करने का निर्देश दिया था जिसके तहत निगम के अधिकारियों ने निर्माण कार्य के लिए सभी जरूरी प्रक्रिया पूरी कर ली है और जल्द ही अब भूमि पूजन किया जाएगा भूमि पूजन के बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



इससे वार्ड सहित आसपास के खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि एलईडी लाइट सह स्ट्रोटर्फ युक्त बैडमिंटन कोर्ट की मांग जनता द्वारा की गई थी। जनता की मांग और जरूरतों को ध्यान में रख कर हम लगातार काम कर रहे हैं।

प्रदेश के याशस्वी मुख्यमंत्री हमारे मुखिया जनता के हित और विकास के लिए बजट भी स्वीकृत कर रहे हैं। जिससे भिलाई का तेजी से विकास हो रहा है।

### सभी को मिलेगा लाभ

सेक्टर 4 में बनने वाले इस खेल मैदान का निर्माण होने से अभी क्षेत्र के बच्चे और युवाओं को लाभ होगा सिर्फशब्दों से ही नहीं एवं आसपास के खिलाड़ी भी यहां आकर अपने किसी का अभ्यास कर सकेंगे इसी उद्देश्य से उसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा इसके लिए निगम प्रशासन ने विधायक देवेंद्र यादव के निर्देश पर सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर लिया है।

शहर के सम्मनित नागरिको की मांग पर हम लगातार जनता के साथ मिल कर जनता के लिए काम कर रहे है। जहाँ खेल मैदान की जरूरत है वहाँ खेल मैदान बनवा रहे है। ताकि शिक्षा धानी के बच्चों व युवाओं को इसका लाभ मिल सके।

**देवेन्द्र यादव विधायक भिलाई नगर**

# इनके रहते किसी दुश्मन की जरूरत क्या है



दीपक रंजन दास




कुछ लोग आज कल बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस कर रहे हैं कि कुछ विजातियों के देश में आने के कारण देश की संस्कृति, सत्ता तथा सम्प्रभुता को खतरा उत्पन्न हो गया है। वे बार-बार हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता की दुहाई देते हैं। तरह-तरह के ऐतिहासिक सबूत ढूंढ कर ला रहे हैं। पर इतिहास पढ़ने का यह मतलब कतई नहीं है कि हम इतिहास के किसी खास कालखण्ड को चुन लें। स्कूल कालेजो में अब तक जो इतिहास पढ़ाया जाता रहा है, उसके चेहरे पर ही लिखा रहता है - मुगलकालीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास, आधुनिक इतिहास आदि। कोई भी खुद के सम्पूर्ण इतिहास होने का दावा नहीं करता। नए-नए इतिहासकार बने लोग भी सम्पूर्ण इतिहास की बात नहीं कर रहे। उनका इतिहास ज्ञान भी एक विशेष कालखण्ड से जुड़ा हुआ है। उन दिनों देश आक्रमणकारियों से जूझ रहा था। चारों तरफ लूट-पाट मची हुई थी। इमारतें ध्वस्त कर उसमें सोना-चांदी तलाशा जा रहा था। पर इस बात का जवाब कोई नहीं देना चाहता कि मुट्ठी भर लूटेरे आखिर भारतीय राजा-महाराजा और सम्राटों पर भारी कैसे पड़ गए? यहां इसी का जवाब देने की कोशिश की जा रही है। न तो भरत और लक्ष्मण जैसे भाई हर युग में पैदा होते हैं और न ही विभीषण सरीखे। आजाद भारत की बात करें तो आज भी जितनी जानें जातीय दंगों के कारण नहीं गई होंगी उससे कहीं ज्यादा भाई-भाई के झगड़े में हर साल चली जाती हैं। आज सुबह के अखबार में फिर वैसी ही एक खबर पढ़ने को मिली। बिलासपुर के एक युवक ने अपने बड़े भाई और भाभी की हत्या सात एकड़ जमीन की खेती के लिए कर दी। जब इस तरह के दुश्मन घर में हैं तो किसी और की जरूरत ही क्या है। कोई सत्ता की लालच में देश को गृहयुद्ध का मैदान बनाने पर तुला है तो कोई अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए पूरी कौम को खतरे में डाल रहा है। मूल समस्या लालच है। अकूत संपत्ति इकट्ठा करने के बाद भी भूख कम नहीं हो रही। पावर की भूख होती ही ऐसी है। देश में लोकतंत्र है, राजशाही नहीं। राजशाही के दौर में राजपरिवार के लोगों की हत्या होती थी, उनके खिलाफ षड़यंत्र होते थे। किसी एक की हत्या कर दूसरा गद्दी पर बैठ सकता है। पर लोकतंत्र में ऐसा संभव नहीं है। लोकतंत्र में सत्ता हथियाने के लिए प्रजा की सहमति चाहिए। जनता का ध्रुवीकरण इसीलिए जरूरी हो जाता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए नफरत को हवा दी जा रही है। नफरत की इस आंधी में तमाम वो बातें छिप जाती हैं जिसकी वजह से घर टूटे, राज्य टूटे और बार-बार गुलामी का जहर पीना पड़ा। क्या अपनी कमियों को दूर किये बिना हम वाकई कोई युद्ध जीत सकते हैं?

# उदयपुर हत्याकांड : 12 दिन पहले ही कन्हैयालाल ने जताई थी अपनी हत्या की आशंका, पुलिस से मांगी थी सुरक्षा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उदयपुर में टेलर कन्हैय्या लाल की हत्या को लेकर देशभर में उबाल है। कन्हैय्या लाल की हत्या के बाद राजस्थान पुलिस की कार्रवाई पर एक बार फिर से सवाल उठ रहे हैं। कन्हैय्यालाल ने 15 जून को थाने पहुंचकर अपनी हत्या होने की आशंका जताई थी और पुलिस से सुरक्षा मांगा था लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसका खामियाजा कन्हैय्यालाल को भुगतना पड़ा।

बता दें 28 जून को उदयपुर में दिनदहाड़े टेलर कन्हैयालाल की हत्या कर दी गई। कन्हैयालाल अपनी दुकान में काम कर रहा था और उसी समय दो युवक कपड़े सिलाने के बहाने पहुंचे। जब



कन्हैय्यालाल नाप ले रहा था इसी दौरान एक युवक ने उन पर हमला कर दिया और दूसरा युवक इसका वीडियो बनाता रहा। घटना के बाद आरोपियों ने वीडियो जारी कर हत्या की जिम्मेदारी भी ली। वहीं इसके कुछ घंटों बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया। कन्हैय्या हत्याकांड की वजह बने इस विवाद की शुरुआत जून के पहले सप्ताह में हुई। खेल खेल में कन्हैयालाल के मोबाइल से उसके बेटे ने नूपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट कर दिया।



## संपादकीय

# चिंता बढ़ाती महंगाई

जिस समय दुनिया की बड़ी शक्तियां जर्मनी में जी-7 की बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक खाद्य सुरक्षा को लेकर माथापच्ची कर रही थीं, ठीक उसी वक्त देश में आई एक खबर मध्यवर्ग, खासकर निम्न आयवर्ग के लोगों की परेशानी बढ़ाने वाली है। खबरों के मुताबिक, पिछले पांच दिनों में देश में चावल के दामों में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है और इसके पीछे वजह पड़ोसी बांग्लादेश द्वारा गैर-बासमती चावल पर आयात शुल्क में भारी कटौती बताई जा रही है। दरअसल, बांग्लादेश एक सघन आबादी वाला देश है। उसने कृषि उत्पादन के मामले में भी भरपूर तरक्की की है। वहां धान की अच्छी-खासी पैदावार होती है, लेकिन इस बार बाढ़ के कारण उसकी फसलों को बहुत नुकसान हुआ है, ऊपर से यूक्रेन का युद्ध कोढ़ में खाज बनकर आ गया। इसलिए चावल का स्टॉक बढ़ाने के लिए उसने यह कदम उठाया है। लेकिन हमारे घरेलू बाजार में चावल की आपूर्ति पर इसका असर दिखने लगा है। चावल और गेहूं हमारे मुख्य खाद्यान्न हैं और इनकी कीमतों में कोई भी बढ़ोतरी हरेक घर की रसोई के बजट पर असर डालती है। खाने-पीने की चीजों की महंगाई लोगों को सबसे ज्यादा परेशान करती और सरकारों की लोकप्रियता-अलोकप्रियता के निर्धारण में भी इसकी बड़ी भूमिका है। प्याज को लेकर तो कहावत चल पड़ी है। यही कारण है कि इस साल अप्रैल के मध्य में आटे की कीमतों में जब अप्रत्याशित वृद्धि हुई, और एकाधिक जगहों पर यह 55 रुपये प्रति किलो के ऊपर चली गई, तब सरकार को आनन-फानन में गेहूं के निर्यात पर रोक लगानी पड़ी। हालांकि, सरकार ने तब दावा किया था कि उसके पास पर्याप्त भंडार है, पर हकीकत यही है कि इस बार गेहूं की सरकारी खरीद काफी कम हुई है और सरकार भविष्य की चुनौतियों को लेकर आशंकित हो उठी थी। रूस और यूक्रेन, दोनों गेहूं के बड़े उत्पादक देश हैं और उनके युद्ध के कारण समूची आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो चुकी है। ऐसे में, अमेरिका से लेकर दक्षिण एशिया तक महंगाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। भारत एक विशाल आबादी वाला देश है। यह सुखद है कि दशकों पहले हम खाद्यान्न उत्पादन के मामले में एक खुदमुख्तार देश बन चुके हैं। यह कामयाबी कितनी बड़ी राहत है, इसका एहसास हमें महामारी के चरम दिनों में हुआ। तब देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज योजना का लाभ मिला। यह अब भी जारी है, बल्कि केंद्र सरकार ने सितंबर तक इसे विस्तार दिया है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी को अनवरत मुफ्त खाद्यान्न मुहैया नहीं कराया जा सकता। ऐसे में, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जब तीन महीने बाद यह योजना खत्म होगी, या इसमें किसी तरह की कटौती होगी, तब कितनी बड़ी आबादी को चावल-आटे की मौजूदा महंगाई से दो-चार होना पड़ेगा। अन्य वस्तुओं के बढ़ते दाम से भी लोग परेशान हैं। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य जयंत वर्मा का कहना है कि उच्च महंगाई पर फौरी नियंत्रण की कोशिश में देश की अर्थव्यवस्था को कोई नुकसान नहीं पहुंचने देना चाहिए, क्योंकि यह बहुत मुश्किल से पटरी पर लौटी है। निस्संदेह, अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक हितों की रक्षा होनी चाहिए, पर महंगाई को लगाम लगाना इसलिए भी जरूरी है कि यह सामाजिक अराजकता को जन्म दे सकती है। दुनिया के कई देश महंगाई के कारण व्यापक जन-आंदोलनों का सामना कर रहे हैं।

> “ तब देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज योजना का लाभ मिला। यह अब भी जारी है, बल्कि केंद्र सरकार ने सितंबर तक इसे विस्तार दिया है, लेकिन इतनी बड़ी आबादी को अनवरत मुफ्त खाद्यान्न मुहैया नहीं कराया जा सकता। ऐसे में, यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जब तीन महीने बाद यह योजना खत्म होगी, या इसमें किसी तरह की कटौती होगी, तब कितनी बड़ी आबादी को चावल-आटे की मौजूदा महंगाई से दो-चार होना पड़ेगा।

## चुनौती का जवाब

"मैंने निश्चय किया है और मैं जानता हूं कि आप भी इस बात के लिए दृढ़-निश्चय हैं कि बहादुर अंग्रेज लोगों को ताकतवर बनाने के लिए अपने भर जो कुछ हम कर सकेंगे, वह करेंगे।" मि. वेण्डल विल्की ने चुनाव के सिलसिले में दिए अपने एक भाषण में यह घोषणा की है। नार्वे के पतन के बाद ही, उन्होंने कहा, अंग्रेजों को असली खतरे का ज्ञान हुआ। तब इंग्लैण्ड ने एक शक्तिशाली आदमी को शासन का मुखिया बनाया। मैं समझता हूं कि मि. चर्चिल का आगमन बहुत देर से नहीं हुआ है।... यह बताते हुए कि आज सारी दुनिया में व्यक्तिगत स्वाधीनता के विचारों को चुनौती दी जा रही है, मि. विल्की ने कहा- "मुझे बड़ी ईमानदारी के साथ कहने दीजिए कि हमें अभी उस चुनौती का जवाब देना है। तीन अत्यन्त सशक्त तानाशाही राष्ट्रों ने हमारे खिलाफ गुट बनाया है। अगली सरकार को हमें शान्तियुक्त रखने का उत्तरदायित्व सम्हालना पड़ेगा। किसी और की लड़ाई हम नहीं लड़ेंगे। हमारे लड़के यूरोप के बाहर रहेंगे, पर हम किसी को मनाएंगे नहीं। तीन ओर से ब्रेनर घाटी में दो अधिनायकों की हुई बातचीत का परिणाम अब धीरे-धीरे हमारे सामने आ रहा है। जर्मन सेना के तीन डिवीजन, अर्थात लगभग डेढ़ लाख सैनिक रूमानिया पहुंच चुके हैं। जर्मन सेना भेजने के अनेक कारण दिए गए हैं। एक यह बताया गया है कि वायना करार के अनुसार जर्मनी ने रूमानिया की स्वाधीनता की रक्षा करने की गारण्टी दी है, और उस प्रतिज्ञा को पालने के ख्याल से ही जर्मनी ने फौज वहां भेजी है। इसके साथ यह भी कहा जाता है कि रूस और जर्मनी के बीच तनातनी बढ़ रही है। अत एहतियातन यह सेना रूमानिया भेजी गई है। मगर यह कहने की जरूरत नहीं है कि यह कारण ठीक नहीं है। रूस और जर्मनी और इटली के बीच आर्कटिक सागर से लेकर डांडेनल समुद्र तक के प्रदेशों का बंटवारा आपस में हो चुका है।

> “ हमें अपने शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए शिक्षण कार्य को फिर से उच्च सम्मान देने की भी आवश्यकता है। हमारी सरकार स्वयं से सुधार और व्यावसायिक विकास से जुड़े अवसर प्रदान करने पर ध्यान लगा रही है। न केवल स्कूल, बल्कि कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के संकाय भी नवीनतम तकनीक और नवाचारों व शिक्षाशास्त्र के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

# ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की तैयारी

जब 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत की गई थी, तब हमारी सबसे बड़ी चुनौती थी, देश के सुदूर क्षेत्र में रहने वाली अंतिम महिला तक एलपीजी सिलेंडर के साथ पहुंचना। एक समर्पित कार्यबल और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ पीएमयूवाई की सफलता और सबसे कमजोर लोगों के जीवन पर इसके महत्वपूर्ण प्रभाव से मुझे भरोसा हुआ है कि हम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) को लागू करने के चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने में सक्षम होंगे। इस नीति में शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव की परिकल्पना की गई है, ताकि हमारे देश के छात्र 21वीं सदी की ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें।

भारत सबसे युवा देशों में से एक है, जिसकी 50 प्रतिशत से अधिक आबादी 30 साल से कम उम्र की है। संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा स्पष्ट तौर पर दिखता है। मगर यह क्षमता हमारे पास हमेशा के लिए नहीं रहेगी। इसका लाभ भी हमें अपने आप नहीं मिलेगा। इसके लिए ठोस प्रयास और नीतिगत हस्तक्षेप की जरूरत है। एक साधारण गणना बताती है कि हमारे पास नौजवानों की क्षमता का पूरी तरह दोहन करने के लिए लगभग दो दशकों से थोड़ा अधिक समय है, या जिसका प्रधानमंत्री अमृत काल के रूप में जिक्र करते हैं- स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने से पहले की 25 साल की अवधि। यही वजह है कि हमारे युवाओं की जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रणाली में व्यापक बदलाव लाजिमी हैं।



एनईपी-2020 हमारे देश की यात्रा में ऐसा ही एक परिवर्तन है। प्रधानमंत्री के शब्दों में, एनईपी-2020 आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला के रूप में काम करेगी। एनईपी पूर्व-प्राथमिक से उच्च शिक्षा के सभी स्तरों पर हमारी शिक्षा व्यवस्था की पुनर्संरचना करती है और एक कौशल व अनुसंधान इकोसिस्टम के साथ इसका पुनर्गठन करती है। यह चार सिद्धांतों पर आधारित है- पहुंच, गुणवत्ता, समानता और किफायत। एनईपी का लक्ष्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के स्थान पर एकल नियामक निकाय के रूप में भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) को स्थापित करना और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को वर्तमान के 27.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 2035 तक 50 प्रतिशत करना है। नई शिक्षा नीति यह सुनिश्चित करेगी कि विनियमन, मान्यता देने, वित्त पोषण और शैक्षणिक मानक-निर्धारण का कार्य स्वतंत्र और अधिकार प्राप्त निकायों द्वारा किया जा रहा है। एनईपी की विभिन्न प्रगतिशील सिफारिशों में शामिल हैं- सभी चरणों में अनुभव से जुड़ी शिक्षा, नवीन और गतिविधि-आधारित शिक्षाशास्त्र, उच्च शिक्षा में प्रवेश/ निकास के बहु-विकल्प, विभिन्न संकायों से जुड़ी शिक्षा, एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना आदि। इन परिवर्तनों को पूरा करने के लिए नीतिगत सुधारों के साथ भारत की शिक्षा और अध्ययन कार्यक्रमों के अंतरराष्ट्रीयकरण पर भी जोर दिया गया है।

नई शिक्षा नीति 21वीं सदी की आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ तात्कालिक चुनौतियों की भी पहचान करती है। यह नीति आह्वान करती है कि प्रत्येक छात्र तीसरी कक्षा तक मूलभूत साक्षरता व संख्यात्मक योग्यता प्राप्त कर ले। इसके लिए 'निपुण भारत' नाम से राष्ट्रीय मिशन शुरू किया गया है, ताकि देश का तीसरी कक्षा का प्रत्येक बच्चा 2026-27 तक यह योग्यता प्राप्त कर सके। एनईपी-2020 सभी स्तरों पर सरकारों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करती है कि बच्चों के सीखने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए कम से कम पांचवीं कक्षा तक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा/ स्थानीय भाषा में हो। हमारी सरकार उच्च शिक्षा में भी स्थानीय भाषाओं पर ध्यान दे रही है। स्नातक स्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए स्थानीय भाषाओं में 200 से अधिक तकनीकी पुस्तकें हाल ही में लॉन्च की गई हैं। सरकारआधिकारिक भाषाओं में इंजीनियरिंग, चिकित्सा और कानूनी विषयों की पाठ्य-पुस्तकों को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। तमाम प्रवेश परीक्षाओं को भी सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं में आयोजित कराने के प्रयास हो रहे हैं, ताकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच में अंग्रेजी बाधा न बने।

हमें अपने शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए शिक्षण कार्य को फिर से उच्च सम्मान देने की भी आवश्यकता है। हमारी सरकार स्वयं से सुधार और व्यावसायिक विकास से जुड़े अवसर प्रदान करने पर ध्यान लगा रही है। न केवल स्कूल, बल्कि कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के संकाय भी नवीनतम तकनीक और नवाचारों व शिक्षाशास्त्र के विभिन्न रूपों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। हम देश भर में शिक्षक प्रशिक्षण के विश्वस्तरीय केंद्र बना रहे हैं। वर्तमान बजट में डिजिटल शिक्षक के लिए भी प्रावधान किया गया है, जिसके लिए छह करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

कोविड-19 के दौरान हमारे शैक्षणिक संस्थानों में कई नए मॉडल सामने आए हैं। यह इस सिद्धांत पर आधारित है कि विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी समानता और क्षमता प्रदान करने वाली होती है। केंद्रीय बजट में शिक्षा के प्रसार के लिए 200 नए टीवी चैनलों का प्रावधान किया गया है और पांच वर्षों की अवधि के लिए लगभग 930 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति की दहलीज पर है। एआई, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां पर्याप्त अवसरों के साथ-साथ चुनौतियां भी पेश करती हैं, क्योंकि इनसे कई पारंपरिक नौकरियां समाप्त हो जाती हैं। मगर यह मनुष्यों, मशीनों और एल्गोरिदम के बीच श्रम के नए विभाजन से जुड़ी विभिन्न भूमिकाओं को भी सामने लाएगी। लिहाजा श्रमिकों के लिए कौशल विकास करने या फिर से कौशल प्राप्त करने से जुड़ी अवधि छोटी हो गई है, और इस विषय पर तुरंत कार्य करने की आवश्यकता है।

हमारे युवा न केवल नौकरी चाहने वाले, बल्कि नौकरी देने वाले के रूप में भी काम करने की इच्छा रखते हैं। यदि हम उन्हें गुणवत्तापूर्ण ज्ञान व कौशल दे सके, तो भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। एनईपी-2020 को बस यही करने के लिए तैयार किया गया है। हम अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर रहे हैं। ऐसे में, यह राष्ट्र-निर्माण के प्रति हमारा योगदान होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

एंतोनियो गुटेरेश, संयुक्त राष्ट्र महासचिव

# अक्षय ऊर्जा को नकारने के लिए बचा नहीं कोई बहाना

मशहूर कहावत है, 'जब रोम जल रहा था, तब नीरो बंसी बजा रहा था।' आज दुनिया के कुछ नेता वस्तुतः उससे भी बदतर रवैया अपना रहे हैं। वे जलती आग में घी डाल रहे हैं। जाहिर है, यूक्रेन पर रूस के हमले का असर पूरी दुनिया पर किसी न किसी तरह से पड़ रहा है। इस दौरान ऊर्जा के बढ़ते संकट के प्रतिक्रिया-स्वरूप कुछ देशों ने जीवाश्म ईंधन का प्रयोग बढ़ा दिया है और कोयले, तेल, गैस खरीद पर अरबों डॉलर खर्च कर रहे हैं। ये सब पदार्थ जलवायु परिवर्तन के कारक हैं।

यह ऐसे समय हो रहा है, जब समस्त जलवायु संकेतक लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं, भविष्य में भयंकर तूफान, बाढ़, सूखा, जंगल की आग की आशंका बढ़ रही है, और पृथ्वी के एक बड़े हिस्से में मानव की सहन क्षमता से कहीं अधिक तापमान बढ़ने की भविष्यवाणी हो रही है। ऐसे में, जीवाश्म ईंधन की खोज और उत्पादन के बुनियादी ढांचे पर जिस रफ्तार से निवेश हो रहा है, वह समझ से परे है। हम हर दिन अपनी धरती को पहुंच रहे नुकसान को देखने को अभिशप्त हैं।

इसका समाधान अक्षय ऊर्जा है, ताकि पृथ्वी पर जगह-जगह धधकती आग को सीमित किया जाए और ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा मिले। अगर हमने समय से और बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा में निवेश किया होता, तो हम जीवाश्म ईंधन के अस्थिर बाजारों के रहमो-करम पर नहीं रहते। अक्षय ऊर्जा 21वीं सदी की शांति योजना है, लेकिन बढ़ती ऊर्जा मांग और न्यायसंगत ऊर्जा रूपांतरण की यह लड़ाई बराबरी की लड़ाई नहीं है। निवेशक अब भी जीवाश्म ईंधन का समर्थन कर रहे हैं, और सरकारें अभी भी कोयले, तेल और गैस के लिए हर मिनट लगभग 1.10 करोड़ डॉलर की सब्सिडी देती हैं।



दीर्घकालिक लाभ के बजाय फौरी राहत को तरजीह देना आसान होता है। इसकी आदत पड़ जाती है। कुछ इसी तरह हम जीवाश्म ईंधन के भी आदी हो चुके हैं। हमारी धरती की सेहत के लिए हमें इस आदत को बदलने की जरूरत है। प्रदूषणकारी जीवाश्म ईंधन से छुटकारा और अक्षय ऊर्जा को अपनाने में तेजी लाना ही ऊर्जा सुरक्षा, बिजली की कीमतें स्थिर करने, खुशहाली लाने और धरती को रहने लायक बनाने की अकेली राह है।

जी 20 देशों की सरकारों से कोयले के बुनियादी ढांचे को खत्म करने का आह्वान किया गया है। दुनिया भर में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए पांच सूत्री योजना का भी प्रस्ताव रखा है। इस योजना में सबसे पहला कदम अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी को वैश्विक जनहित का मुद्दा बनाना है। इसमें प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए बौद्धिक संपदा से जुड़ी बाधाओं को दूर करना भी शामिल है। दूसरा कदम है अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के घटकों और कच्चे माल की आपूर्ति सुनिश्चित करना। साल 2020 में, दुनिया ने 5 गीगावाट का बैटरी स्टोरेज स्थापित किया। हमें साल 2030 तक 600 गीगावाट की भंडारण क्षमता की जरूरत है। इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें एक वैश्विक गठबंधन की जरूरत है।


तीसरे कदम के तहत हमें उस लालफीताशाही को खत्म करना होगा, जो सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं को रोकती है। हमें बिजली ग्रिड के आधुनिकीकरण के लिए अनुमोदन की प्रक्रिया में तेजी लाने और मुस्तैदी भरे प्रयासों की जरूरत है।

चौथा, जोखिम से घिरे जनसमुदायों को ऊर्जा से जुड़ी क्षति से बचाने के लिए जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को अक्षय ऊर्जा की ओर स्थानांतरित करना होगा। ऐसा करने से एक टिकाऊ विकसित भविष्य सुनिश्चित होगा। अक्षय ऊर्जा में तीन गुना निवेश करना इस योजना का पांचवां कदम होगा। हम सभी वैश्विक नेताओं से अधिक तत्परता की अपेक्षा करते हैं। जब तेल और गैस की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं और अक्षय ऊर्जा सस्ती हो रही है, तब अक्षय ऊर्जा क्रांति को नकारने के लिए किसी के पास कोई बहाना नहीं बचा है। पिछले एक दशक में सौर ऊर्जा और बैटरी की लागत में 85 प्रतिशत की गिरावट आई है। पवन ऊर्जा की लागत में 55 फीसदी की गिरावट आई है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि अक्षय ऊर्जा में निवेश जीवाश्म ईंधन की तुलना में तीन गुना ज्यादा रोजगार पैदा करता है। जैसे-जैसे हम जीवाश्म ईंधन से मुक्त होंगे, हमारे लाभ भी उतने ही बड़े होते जाएंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





नहीं भूख, फिर भी
पकवान चाहिए, नहीं
प्यास फिर भी अमृत
चाहिए, नहीं चाहिए
धन-दौलत, फिर भी
पूरा जमीन और
आसमान चाहिए

-अंजली जैन
7024460938

श्री श्री रविशंकर

# मन साधो, तो सब सध जाए

क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि मन में हर क्षण क्या होता रहता है? मन सदैव आने वाले समय के बारे में सोचता रहता है। आप किसी भी विषय पर पुस्तक खोल सकते हैं, जन्म पर, मृत्यु पर, भोजन की आदतों पर, लेकिन अपने मन की सजगता आप किसी पुस्तक से प्राप्त नहीं कर सकते। हमारा मन क्या करता है? यह भूत और भविष्य के मध्य झूलता रहता है। हरेक क्षण, यह भूतकाल की किसी घटना पर आवेशित होता रहता है या भविष्य की कोई चिंता करता है। मन की एक और प्रवृत्ति है- नकारात्मकता को पकड़कर बैठना। यदि दस सकारात्मक बातें हुई हों और एक नकारात्मक हो गई हो, तो हमारा मन इसे पकड़कर बैठ जाएगा।


मन की इन दोनों प्रवृत्तियों में परिवर्तन करके आप अपनी बहुत बड़ी सहायता कर सकते हैं। इन दोनों के प्रति मन की सजगता आपके जीवन को बहुत सरल बना देती है। हम वास्तव में अबोध जन्म लेते हैं, लेकिन जैसे-जैसे बड़े होते जाते हैं, अपनी मासूमियत को खोते जाते हैं और कठोर बनने लगते हैं। इसी कठोरता को छोड़कर जानिए कि कितना कुछ यहां है प्रसन्नता के लिए। यही ज्ञान है और यही पूजा भी।

बालक रूप में आपको कोई समस्या नहीं थी; एक दिन आप झगड़ा करते थे, लेकिन दूसरे ही दिन फिर मित्र बन जाते थे, लेकिन जैसे ही बड़े हुए आप अटकने लगे, भटकने लगे। आप परेशान होने लगे और समाज भी। तब आपको ज्ञान की आवश्यकता पड़ती है। आपके पास सुंदर ज्ञान होता है, तो यह आपको सभी प्रकार की उलझनों से निकाल लेता है। यही समाज में होने लगता है। बिना ज्ञान और बुद्धिमता के हम उलझते जाते हैं। हम घृणा, इच्छाओं से भर जाते हैं। ज्ञान से आप खुद को और समाज को सुधार सकते हैं।

इसलिए हमें अपने मन का अध्ययन करना है, अपने आप का अध्ययन करना है। हम जीवन में कुछ सीखने के लिए बहुत सारा समय लगाते हैं, लेकिन अपने आप को जानने के लिए बहुत कम समय देते हैं। जब हम इस दुनिया में आए थे, तब एक सांस ली थी और एक सांस छोड़कर इस दुनिया से विदा लेंगे, इनके मध्य को ही हम जीवन कहते हैं। हमने अपने सांस पर कभी ध्यान नहीं दिया। सांस मन और शरीर के मध्य की कड़ी है और आप इससे अपने आपको वर्तमान क्षण में ला सकते हैं।

इसी तरह, सेवा भी एक माध्यम है, जिससे हम सब अपने-अपने मन को समझ सकते हैं। जब आप जीवन का एकमात्र लक्ष्य सेवा बना लेते हैं, तब आपका भय समाप्त हो जाता है, मन को एकाग्रता, कर्म को लक्ष्य और एक दीर्घ प्रसन्नता प्राप्त होती है। हमें बुद्धिमान होना होगा, ज्ञान में रहना होगा; हमें सजग रहना होगा। यह बहुत आवश्यक है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

























# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



संग्रहित 815 क्विंटल जामुन से 60,000 लीटर जामुन जूस का होगा उत्पादन

## रायगढ़, केशकाल तथा मरवाही में लक्ष्य के दोगुना से अधिक 815 क्विंटल जामुन का संग्रहण

**संग्राहकों को संग्रहण सहित प्रसंस्करण का भी लाभ दिलाने हो रहा कार्य**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्य के रायगढ़, केशकाल तथा मरवाही जिला यूनियनों में चालू वर्ष के दौरान अब तक लक्ष्य के दोगुना से भी अधिक 815.31 क्विंटल जामुन का संग्रहण हो चुका है। तीनों जिला यूनियनों में चालू वर्ष में 350 क्विंटल जामुन फल के संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित था। तीनों यूनियनों ने संग्रहित 815 क्विंटल जामुन फल से लगभग 60 हजार लीटर जामुन जूस का उत्पादन होगा।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वनमंत्री मोहम्मद अकबर के मार्ग दर्शन में राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा जामुन फल संग्रहण कर उसका मूल्य वर्धन तथा प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्ययोजना के तहत कार्य किया जा रहा है। राज्य के तीन जिला यूनियनों केशकाल, रायगढ़ एवं मरवाही में जामुन का उत्पादन काफी मात्रा में होता है। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा उपरोक्त तीनों जिला यूनियनों के अंतर्गत लगभग 250 क्विंटल जामुन फल संग्रहण का लक्ष्य दिया गया था।

इनमें जिला यूनियन रायगढ़ द्वारा 597.91 क्विंटल, जिला यूनियन केशकाल द्वारा 76.96 क्विंटल एवं जिला यूनियन मरवाही द्वारा 140.44 क्विंटल जामुन फल का संग्रहण गिया गया है। प्रबंध संचालक राज्य लघुवनोपज संघ संजय शुक्ला ने बताया कि रायगढ़ जिला यूनियन के अंतर्गत संग्रहित जामुन में से 250 क्विंटल जामुन को सीजीसीइआरटी रायपुर द्वारा जैविक प्रमाणीकरण प्रदान किया गया। संग्रहित जामुन को रायपुर इंडस मेगा फूड पार्क के माध्यम से पल्पिंग कार्य कराया जा रहा है। प्राप्त पल्प से जामुन जूस एवं जामुन आधारित अन्य उत्पादों का निर्माण वनधन विकास केन्द्र बरौंडा के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जावेगा। संग्रहित जामुन फल मात्रा 815.31 क्विंटल से लगभग 60 हजार लीटर जामुन जूस का उत्पादन होगा। ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' जामुन जूस की राज्य में काफी मांग है। जामुन जूस मुख्यत: मधुमेह रोगी के लिए फायदेमंद होता है। इसके अलावा जामुन जूस में कैल्शियम एवं मैग्नीशियम भी पाया जाता है।

जामुन फल से जामुन जूस निर्माण के पश्चात प्राप्त बीज से विभिन्न प्रकार के औषधि जैसे- जामुन चूर्ण, मधुमेह नाशक चूर्ण इत्यादि का निर्माण किया जाता है, जो कि डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही कारगर औषधि होता है। जामुन फल संग्रहण से जामुन पल्प आधारित खाद्य उत्पाद तथा बीज आधारित औषधि उत्पाद के निर्माण से संग्राहकों को एवं प्रसंस्करण से जुड़े महिला स्व सहायता समूहों को अधिक से अधिक लाभ मिलने लगा है।

## जनचौपाल में दिव्यांग अनीश को तत्काल मिला मोटराइज्ड ट्राइसिकल

**जानबूझकर दिव्यांगता प्रतिशत कम करने वाले चिकित्सकां पर होगी कार्रवाई, जनचौपाल में मिले 110 आवेदन**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**अम्बिकापुर।** कलेक्टर संजीव कुमार झा ने मंगलवार को आयोजित जनचौपाल में अपनी समस्या लेकर आये दिव्यांग अनीश कुमार की मांग पर तत्काल बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसिकल दिलवाया। इस दौरान अनीश ने बताया कि वह बिल्कुल भी चल-फिर नहीं पाता उसके बावजूद मेडिकल बोर्ड द्वारा 50 प्रतिशत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनाया गया है।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पुन: जांच कर 100 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने और संबंधित चिकित्सकों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जंनचौपाल में 110 आवेदन प्राप्त हुए जिनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनचौपाल में गांधीनगर निवासी श्रीमती ममता उपाध्याय ने बताया कि अपने आजीविका एवं दो बेटियों की पढ़ाई के लिए आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सहयोग हेतु निवेदन किया। कलेक्टर ने तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया जिसके तहत ममता उपाध्याय का श्रम विभाग में पंजीयन कराने के साथ बड़ी बेटी श्रुति उपाध्याय का बी.टेक की पढ़ाई का खर्च श्रम विभाग से दिलाए जाने हेतु आवश्यक पहल करने की बात कही। कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छोटी बेटी श्रेया उपाध्याय का लाभ महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत मिशन वात्सल्य योजना, शिक्षा विभाग के माध्यम से छोटी बेटी को नि:शुल्क शिक्षा या फीस में रियायत दिलाने के साथ-साथ नेशनल खेल में भाग लेने के समय आने-जाने के लिए संस्था से दिलाने हेतु आवश्यक पहल करने का निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण में ममता उपाध्याय को सम्मिलित कराते हुए आजीविका की स्थाई साधन की व्यवस्था करने की बात भी की।

### खास खबर

**मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना बनी संजीवनी**

**सुकमा।** दुलर्भ बिमारियों के ईलाज में व्यक्ति की जीवन भर की जमा पूंजी लग जाती है। प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में छत्तीसगढ़ शासन संकल्पित है। इस संकल्प को पूरा करने में मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संजीवनी साबित हो रही है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत सुकमा जिले से 5 मरीजों को 19 लाख 45 हजार रुपए की सहायता मिली है। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार छिन्दगढ़ निवासी 55 वर्षीय शिवमणी तिवारी को हृदय संबंधी परेशानी हुई, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पंडित जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज रायपुर रवाना किया गया, जहां उनकी सर्जरी कर कैथेटर लगाई गई। आज वह पुर्णत: स्वस्थ हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत उन्हें ईलाज के लिए 4 लाख 41 हजार रुपए की सहायता मिली है। इसी प्रकार सुकमा निवासी कलेश्वर साहू की सुपुत्री कु. भावना साहू का ईलाज रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में हुआ। भावना के जबड़े की हड्डी में विकृति थी, जिसे शल्यचिकित्सा से ठीक किया गया। मुंह के कैंसर से पीड़ित रामबरन सिंह को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना की बदौलत 5 लाख 27 हजार की सहायता प्रदान हुई है। मेकाहारा अस्पताल रायपुर में उनकी किमोथेरेपी और रेडिएशन थेरेपी चल रही है। राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंम्भ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत कैंसर, ह्दयघात, ब्रेन ट्यूमर, किडनी एवं अन्य चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिए राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 20 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है।

प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना की राज्य स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

## गतिशक्ति परियोजना : वर्ष 2022-23 के लिए 97 करोड़ की कार्ययोजना का अनुमोदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में औद्योगिक विकास हेतु अधोसंरचनाओं के विकास, उद्योगों का सुदृढ़ीकरण, रोजगार के साधनों में बढ़ोत्तरी और अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत विभिन्न अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए वर्ष 2022-23 में 97 करोड़ 94 लाख रूपए की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया है।



राज्य में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई, जिसमें यह कार्ययोजना स्वीकृत की गई है। इस कार्ययोजना को भारत सरकार को भेजा जाएगा।

प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के तहत शासन के विभिन्न विभागों की मूलभूत संसाधनों की राज्य स्तरीय जानकारी प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के पोर्टल में दर्ज की जाएगी। शुरूवात में धमतरी, कवर्धा और गरियाबंद जिले के एक-एक तहसील में उपलब्ध संसाधनों की विस्तृत जानकारी अपलोड किया जाएगा।

परियोजना के तहत राजस्व, वन, जल संसाधन, ऊर्जा, नगरीय विकास, लोक निर्माण, उद्योग, कृषि, खनिज, पर्यटन विभाग की जानकारी पोर्टल में दर्ज की जाएगी।

बैठक में प्रमुख सचिव उद्योग मनोज पिंगुआ, सचिव उद्योग श्रीमती आर. संगीता, सचिव राजस्व एन.एन. एक्का उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में सचिव खनिज विभाग सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सचिव कृषि विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आर. प्रसन्ना, सचिव जल संसाधन विभाग अन्बलगन पी., सचिव खाद्य विभाग टोपेश्वर वर्मा सहित भारत सरकार के प्रतिनिधि और विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## कृषकों को ना होने पाए खाद बीज की कमी- कवासी लखमा

**दुर्गम क्षेत्रों में राशन भंडारण करें सुनिश्चित**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने आज सर्किट हाउस सुकमा में अधिकारियों की बैठक ली। इस संक्षिप्त बैठक में उन्होंने जिले में खाद बीज का भंडारण एवं वितरण, कृषि कार्यों, मानसून के दौरान आपदा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर विनीत नंदनवार, सीईओ जिला पंचायत डीएन कश्यप, वनमंडलाधिकारी जेएस रामचंद्र, एसडीएम सुकमा प्रीति दुर्गम, तहसीलदार सुकमा प्यारेलाल नाग सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में मंत्री लखमा ने जिले में मानसून की समीक्षा के दौरान कहा की जिले में अभी पिछले वर्ष की तुलना में कम वर्षा हुई है, आगामी दिनों में वर्षा की संभावना है। अत्यधिक वर्षा के दौरान प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखे।

उन्होंने कहा की ऐसे दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्र जो वर्षा के कारण मुख्यमार्ग से अलग हो जाते है, उन ग्राम पंचायतों में पर्याप्त मात्रा में राशन का भंडारण किया जावे। जिसपर खाद्य अधिकारी ने बताया की दूरस्थ क्षेत्रों में शत प्रतिशत खाद्यान भंडारण किया जा चुका है। कृषि कार्यों की समीक्षा के दौरान मंत्री ने जिले में खाद, बीज के भंडारण और वितरण का संज्ञान लिया और अधिकारियों को आवश्यकता अनुरूप पूर्व में खाद, बीज की मांग करने को कहा ताकि कृषकों को उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया, डायरिया, सर्पदंश आदि के लिए पर्याप्त मात्रा में दवा रखने के निर्देश दिए है ताकि आपात स्थिति में पीड़ित को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## जनदर्शन के माध्यम से सुनी नागरिकों की समस्याएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर अपर कलेक्टर बी.सी.साहू ने आज जिला कार्यालय के मीटिंग हॉल में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूर-दराज से आए नागरिकों, ग्रामीणजनों, महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में आज 34 नागरिकों ने अपनी समस्याएं बताई। आज प्राप्त आवेदन में वृन्दावन नगर कुशालपुर के शांति सोना ने आबादी पट्टा दिलाने हेतु, डबरीपारा कुशालपुर के मोहनलाल अग्रवाल ने अपने मकान में अपने बहु-बेटे को दोबारा प्रवेश ना करने संबंधी, नगर निगम बिरगांव की रितु साहू ने अपने बच्चें का त्र्म् के तहत एडमिशन कराने, नगर निगम बिरगांव के वार्ड 35 के पार्षद ने उचित मूल्य की दुकान खोलने की अनुमति हेतु, शासाहोली तिल्दा निवासी चन्द्रप्रकाश ने तिल्दा-नेवरा में श्री धन्वंतरि मेडिकल शॉप का जीएमआर कंपनी द्वारा दुरूपयोग करने संबंधी, प्रोफेसर कॉलोनी निवासी कमल नारायण सेन ने अपने पुत्र का शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र दिलवाने संबंधी, श्रीमति चित्रा वर्मा ने परिवार पेंशन दिलाने बाबत और ग्राम जरौद के ग्रामवासियों ने प्रस्ताव के विपरीत तालाब में अनियमित कार्य करने संबंधी आवेदन पुस्तुत किया।



एनीमिया की रोकथाम के लिए बच्चों, गर्भवती-शिशुवती माताओं को दी गयी आयरन की दवाई

## जिला स्तरीय एनीमिया मुक्त कोरबा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिले में बच्चे एवं महिलाओं में खून की कमी दूर करने के लिए जिला स्तरीय एनीमिया मुक्त कोरबा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ निगम क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पंपहाउस, आंगनबाडी केन्द्र पंपहाउस एवं आंगनबाडी केन्द्र गेरवाघाट से बच्चों को आयरन सिरप एवं टेबलेट खिलाकर किया गया। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. बीबी बोर्डे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एमडी नायक, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.पी. भारद्वाज, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री संजय अग्रवाल एवं पंपहाउस स्कूल के प्राचार्य श्री विवेक लाण्डे मौजूद रहे।




जिले में छह माह से पांच वर्ष तक के बच्चे, गर्भवती माता, शिशुवती माता एवं छह से 18 वर्ष तक के बालक-बालिकाओं में खून की कमी के ईलाज के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत् छह वर्ष से 18 वर्ष तक के स्कूली बालक-बालिकाओं को प्रति सप्ताह एक आयरन टेबलेट स्कूल में ही प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सभी आंगनबाडी केन्द्रो में छह माह से 59 माह तक के बच्चों को प्रति सप्ताह आयरन सिरप पिलाया जाएगा।

गर्भवती, शिशुवती माताओं को प्रतिदिन एक आयरन गोली तथा 11 से 18 वर्ष तक के शाला त्यागी किशोरियों को प्रति सप्ताह एक आयरन गोली खाने के लिए दिया जाएगा। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. बोर्डे ने सभी हितग्राहियों को इसका लाभ लेने के लिए आंगनबाडी केन्द्रो स्वास्थ्य केन्द्रो और स्कूल परिसरों में जाकर दवाईयां प्राप्त करने तथा इसका नियमित सेवन करने की अपील की। एनीमिया प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विशेष कार्ययोजना बनायी गयी है। इसके अंतर्गत आगामी तीन माह के लिए आयरन दवाई खिलाने और जन समुदाय में एनीमिया के रोकथाम के लिए जागरूकता लाने की योजना बनाई गयी है। कार्य योजना अनुसार जिले के सभी विकासखण्डो में मैदानी अमलो द्वारा एनीमिया नियंत्रण के लिए आयरन फोलिक एसिड दवाई का वितरण किया जाएगा। प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को खून की कमी वाले हितग्राहियों को केन्द्रो के माध्यम से दवाईयों का वितरण किया जाएगा।

## शिक्षा जीवन का आधार, क्रांतिकारी बदलाव ला रही है हमारी सरकार- रेखचंद जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** संसदीय सचिव एवं विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के हायर सेकंडरी स्कूल तितिलगांव में 50, हायर सेकंडरी स्कूल कुरंदी में 28, हायर सेकंडरी स्कूल धरमपुरा में 76 एवं हायर सेकंडरी स्कूल रेलवे कालोनी स्कूल में 38 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम एवं उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल के माध्यम से आज शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आ रहा है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा की है कि जो भी बच्चे प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने में सफल होंगे, उन्हें हेलीकॉप्टर से घुमाएंगे।मैंने भी घोषणा की है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र का कोई भी बच्चा छत्तीसगढ़ की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करता है तो 51 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल कोरोना वायरस संक्रमण के कारण नियमित पढ़ाई नहीं हो पाई थी पर अब नियमित पढ़ाई आरंभ हो गई है तो शिक्षा की गुणवत्ता को कायम रखने का प्रयास करें। उन्होंने शाला के प्राचार्य एवं शिक्षकों को कैरियर गाइडेंस शिविर लगाकर बच्चों की रुचि के अनुसार कैरियर गाइडेंस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं।



## खास खबर

### छत्तीसगढ़ में अब तक 116.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 116.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 28 जून तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 205.6 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 60.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 73.6 मिमी, सूरजपुर में 107.6 मिमी, जशपुर में 61.0 मिमी, कोरिया में 107.4 मिमी, रायपुर में 69.5 मिमी, बलौदाबाजार में 122.4 मिमी, गरियाबंद में 137.8 मिमी, महासमुंद में 93.7 मिमी, धमतरी में 104.0 मिमी, बिलासपुर में 114.9 मिमी, मुंगेली में 173.3 मिमी, रायगढ़ में 128.0 मिमी, जांजगीर-चांपा में 170.2 मिमी, कोरबा में 148.7 मिमी, दुर्ग में 88.6 मिमी, कबीरधाम में 116.7 मिमी, राजनांदगांव में 115.6 मिमी, बालोद में 155.9 मिमी, बेमेतरा में 100.0 मिमी, बस्तर में 123.3 मिमी, कोण्डागांव में 101.0 मिमी, कांकेर में 99.6 मिमी, नारायणपुर में 122.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 106.4 मिमी, सुकमा में 109.5 मिमी और बीजापुर में 147.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### सीजी व्यापम द्वारा आयोजित एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 3 जुलाई को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित एमएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 2022 की परीक्षा 3 जुलाई को आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में एमएमसी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा सबेरे 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक, सात परीक्षा केन्द्रों में एवं द्वितीय पाली में पोस्ट बेसिक नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आठ परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जायेगी। कलेक्टर ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा, को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रथम पाली में 2422 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली मे 2746 परीक्षार्थी पराक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग, सेनेटाईजेशन, मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा ।

### आवासीय कौशल प्रशिक्षण के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अन्तर्गत लाईवलीहुड कॉलेज रायपुर में आवासीय कौशल प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसमें लाईवलीहुड कॉलेज रायपुर में संचालित विभिन्न जॉबरोल जैसे असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, सेल्फ इम्प्लायड टेलर, रिटेल सेल्स एसोसियेट, मेडिकल लेब टेक्निशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट एवं लाजिस्टिक से संबंधित कोर्स में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना योजना अन्तर्गत आवासीय कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में सम्मिलित रायपुर जिले के समस्त ग्राम के अनुसूचित जाति वर्ग के निवासी जो गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे है तथा जिनकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के युवाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं सम्मिलित ग्रामों की सूची हेतु कार्यालयीन के नम्बर- +91-0771-2443066 एवं +91-91093-21845 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई है।

# भेंट-मुलाकात अभियानः हमारे अन्नदाता प्रसन्न रहे यही हमारी कोशिशः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने कैम्प लगाकर बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने अधिकारियों को दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान कोरिया जिले के भरतपुर विकासखण्ड के ग्राम बहरासी पहुंचकर वहां स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर भेंट-मुलाकात की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान आम जनता से राज्य शासन की योजनाओं पर फीडबैक लिया और ग्रामीणों की मांग पर क्षेत्र की विकास के लिए अनेक घोषणाएं की।

उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में देवगुड़ी के निर्माण के लिए पांच-पांच लाख रुपए, बहरासी हायर सेकंडरी स्कूल के लिए नये भवन के निर्माण, रमदहा जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, जनकपुर-कोटाडोल सड़क के प्रभावितों के मुआवजे के लिए तीन करोड़ रुपए की घोषणा, माड़ीसराई में नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना, क्षेत्र के बिजलीविहीन गांवों में बिजली पहुंचाने की व्यवस्था, केल्हारी में नए जिला सहकारी बैंक की शाखा, केल्हारी में नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने, कुवांरपुर और नागपुर को उपतहसील कार्यालय खोले जाने और जनकपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाये जाने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को कैम्प लगाकर बंदोबस्त त्रुटि सुधार करने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हमारे अन्नदाता प्रसन्न रहे यह हमारे सरकार की कोशिश है। प्रदेश में लोग गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर बेचकर भी पैसा कमा रहे हैं, ऐसी योजना पूरे देश और दुनिया में कहीं नहीं है। गौठान में हमारी स्व-सहायता समूह की बहनें विविध आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से



आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। अब राज्य सरकार ने तय किया है कि गोबर के साथ गौ-मूत्र की भी खरीदी की जाएगी, जिससे भी पैसा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात के दौरान ग्रामीणों से ऋण माफी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राशनकार्ड, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना सहित अनेक योजनाओं से मिल रहे लाभ के बारे में भी जानकारी ली। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक गुलाब कमरो, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद भी उपस्थित थे।

### वर्मी कम्पोस्ट बेचकर महिलाओं ने दो साल में कमाए 13 लाख रूपए

बहरासी में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में जनकपुर गौठान से आई नीलिमा ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि उनके समूह को विगत दो वर्षों में 13 सौ क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट बेचकर लगभग 13 लाख रूपए की आमदनी हुई, जिससे समूह की महिलाओं ने पेवर ब्लॉक बनाने की मशीन खरीदी। समूह को 86 हजार की पेवर ब्लॉक के विक्रय से लगभग 13 लाख 76 हजार का आय प्राप्त हुआ। इसके अलावा समूह की दीदीयों द्वारा मसाला, अचार, पापड़, बड़ी बनाकर सी-मार्ट, मध्यान्ह भोजन एवं छात्रावास में बेचा जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि गौठान से जुड़कर मुझे व्यक्तिगत रूप से 80 हजार रूपए की आमदनी हुई, जिसे मैंने अपने बच्चों की शिक्षा में खर्च किया। नीलिमा ने गोधन न्याय योजना के संचालन के लिए मुख्यमंत्री बघेल का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नीलिमा बहन ने अपने जनकपुर की कहानी बताई, जिसमें वे न केवल वर्मी कम्पोस्ट बना रही बल्कि मसाला, पापड़, पेवर ब्लॉक जैसे विभिन्न आय मूलक गतिविधियां संचालित कर रही है जिनसे उन्हें रोजगार मिला और उनके आय में भी वृद्धि हुई है। यह बताने का उद्देश्य है कि हमें सभी गांवों में इन गतिविधियों को संचालित करना होगा। जिससे रोजगार पाने के लिए हमें गांवों से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, हमें अपने गांवों में ही रोजगार मिलेगा। जिसके लिए शासन पूरी तरह से समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो महिलाएं एवं युवा साथी काम करना चाहते हैं, उन्हें संगठित होकर आगे आना होगा। राज्य शासन द्वारा ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण की तैयारी भी की गई है। इसके अंतर्गत सभी गौठानों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। अब लघुवनोपजों से बने और गौठानों में बनने वाले उत्पादों के विक्रय के लिए प्रत्येक जिलों में सी-मार्ट भी खोल दिए है। इससे उत्पादकों को अपने उत्पादों के अच्छे दाम मिलने लगे है।

### दिव्यांग धरमपाल को मिला मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बहरासी में भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम पतवाही के दिव्यांग धरमपाल को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान किया। धरमपाल ने मुख्यमंत्री को इस अमूल्य भेंट के लिए धन्यवाद दिया।

# भेंट-मुलाकात के लिए भूपेश बघेल रामगढ़ पहुंचे, दी अनेक सौगातें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान आज कोरिया जिला के भरतपुर-सोनहत विधानसभा के दौरे पर थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ग्राम रामगढ़ पहुंचे। जहां हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भारी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। रामगढ़ में मुख्यमंत्री ने आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया, वहीं बालिका हॉकी टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं पर फीडबैक लेते हुए उनकी समस्या सुनी और समाधान किया। साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनआकांक्षाओं के अनुरूप क्षेत्रवासियों को अनेक सौगातें दीं।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजन मुख्यमंत्री को अपनी समस्याएं बताने के साथ शासकीय योजनाओं से जुड़े अनेक किस्सों को साझा कर रहे हैं। आज रामगढ़ में भेंट मुलाकात के दौरान ग्राम सुंदरगढ़ की सुमंती ने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि वे गौठान से जुड़कर वर्मी खाद बनाना शुरू किया। उनके समूह में 10 सदस्य हैं। समूह ने 916 क्विंटल वर्मी कंपोस्ट बेचकर 9 लाख 16 हजार रुपये कमाए। इनमें से समूह के प्रत्येक सदस्य को करीब 1 लाख रुपये मिले। इस आमदनी से उन्होंने अपने लिए सिलाई मशीन खरीदी और फिर अपने पति के दुकान खोलने में मदद की। आज फेब्रिकेशन दुकान से भी 10 हजार रुपये मासिक आमदनी हो जाती है।



इस तरह गौठान से न केवल से जुड़े सदस्यों का लाभ होता है बल्कि पूरे परिवार की आजीविका सुदृढ़ हुई है।इसी तरह ग्राम नटवाही की श्रीमती बाई ने कहा, उन्होंने गोबर बेचकर 15 हजार आय सृजित की है। जिससे उन्होंने अपने घर को मरम्मत की। समूह के मध्यम से 600 क्विंटल वर्मी खाद बेचकर 6 लाख रुपये कमाए। इससे सामूहिक आटा चक्की और हॉलर मिल लगाए। इससे हर सदस्य को 5-6 हजार रुपये प्रतिमाह मिल जाता है। घुघरा की मंजू राजवाड़े ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने 70 हजार रुपये का गोबर बेचकर अपने बाड़ी में ट्यूबवेल खनन करवाई है। अब बॉडी में हर माह 5 से 6 हजार रुपये का सब्जी बेचती है। फूलकुमारी राजवाड़े ने बताया कि, उन्होंने 480 क्विंटल का वर्मी कम्पोस्ट बेचकर अपने घर की मरम्मत करवाई। सिलाई मशीन भी खरीदी।

वहीं रामगढ़ की प्रज्ञा साहू ने बताया कि, उसे सिरदर्द की शिकायत थी। एक दिन हाट-बाजार गईं तो एक मोबाइल वेन देखा, जिसमें मुख्यमंत्री की तस्वीर लगी थी। वहां मोबाइल मेडिकल यूनिट में चेकअप कराने पर पता चला कि ब्लड प्रेशर कम है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में ही दवाई दी गई। प्रज्ञा ने बताया कि नियमित दवाई लेने के बाद वह स्वस्थ हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रज्ञा से कहा कि समय-समय पर चेकअप कराते रहना।

### बच्चों ने मुख्यमंत्री से पूछी बचपन की यादें

रामगढ़ में भेंट-मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री बघेल आदिवासी कन्या आश्रम पहुंचे। इस दौरान प्रभारी मंत्री एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद ज्योत्सना महंत, विधायक गुलाब कमरों भी मौजूद थे। यहां बालिकाओं से रूबरू होकर उनके सवालों का जवाब भी मुख्यमंत्री ने दिया। आदिवासी कन्या आश्रम में पढ़ने वाली शालिनी ने मुख्यमंत्री से पूछा कि, हमारा रामगढ़ हेलीकॉप्टर से कैसा दिखता है, इस पर मुख्यमंत्री ने कहा बहुत सुंदर। मुख्यमंत्री के जवाब पर बच्चों ने जोरदार ताली बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं दिव्या ने मुख्यमंत्री को उनकी बचपन की यादें साझा करने अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनका भी बचपन गांव में बिता है, खेलकूद, दौड़-भाग, गिल्ली डंडा उनका प्रिय खेल रहा। जब शाम को देर से घर जाता था तो उन्हें भी डांट पड़ती थी। कभी-कभी चरवाहा के साथ चला जाता था, और देर से आने पर डांट पड़ती थी। उन्होंने कहा कि उन्हें मां के हाथ से बना गुलाब जामुन बहुत पसंद था। उन्होंने कहा, कि वे घर के लाडले थे, उन्हें घर के सदस्यों का भरपूर प्यार मिला। इस दौरान उन्होंने कैरम खेल रही डिंपल माझी और शारदा की हौसला-अफजाई की और शाबासी दी। आश्रम परिसर में मुख्यमंत्री ने चंदन के पेड़ का रोपण किया।

### स्मार्ट क्लास के जरिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है

भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के सुदूर वनांचल में बसे ग्राम रामगढ़ में इंटरनेट की सुविधा नहीं के बराबर है, लेकिन यहां स्मार्ट क्लास के जरिये बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और रुचिकर शिक्षा प्राप्त हो रही है। ये संभव हो पाया है सरकार की सोच और अच्छी नियत से। आदिवासी बालिका छात्रावास की कक्षा पहली से छठवीं की 19 छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक वीडियो-ऑडियो विजुअल से गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जा रही है। स्मार्ट क्लास से बच्चों की पढ़ाई अब पहले से अधिक रुचिकर और प्रभावशाली हो गया है।

### सीएम ने गोल पोस्ट में दागा गोल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हायर सेकेंडरी स्कूल रामगढ़ के बालिका हॉकी टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। यह हॉकी खिलाड़ी कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड के दूरस्थ गांवो से हैं। इन्होंने प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में भी भागेदारी की है। हॉकी टीम के खिलाड़ियों के अनुरोध पर मुख्यमंत्री बघेल ने पेन पेनाल्टी स्ट्रोक से गोल दागा। खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके क्षेत्र मोबाइल नेटवर्क की बड़ी समस्या है इसके कारण दुनिया से कटे हुए है। मुख्यमंत्री ने इस समस्या के समाधन का आश्वासन दिया।

### तीन पर्यटक वाहनों का लोकार्पण

भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोरिया जिला के रामगढ़ में 3 पर्यटक वाहनों का हरी झंडी दिखाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर गृह एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक गुलाब कमरो भी मौजूद थे। इन पर्यटक वाहनों का इस्तेमाल गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में सैर के लिए किया जाएगा। पर्यटक वाहनों के होने से राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटक वाहनों का संचालन इको विकास समिति द्वारा किया जाएगा।

### जब छतीसगढ़ी कविता ने मुख्यमंत्री का मन मोह लिया

कक्षा 5वीं में पढ़ने वाली अनुराधा ने मुख्यमंत्री को कका आवत है हमर गांव, जंगल पहाड़ सुघ्घर गांव, कका हमर सबसे प्यारा 36गढ़ के राजदुलारा कविता सुनाई, जिससे सुनकर मुख्यमंत्री ने शाबासी दी।

## 2.27 लाख हेक्टेयर में हो चुकी खरीफ फसलों की बुआई

**रायपुर।** राज्य में खरीफ फसलों की बुआई तेजी से शुरू हो गई है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जून की स्थिति में 2 लाख 27 हजार 510 हेक्टेयर रकबे में विभिन्न खरीफ फसलों की बुआई शुरू हो चुकी है, जिसमें सर्वाधिक एक लाख 98 हजार 540 हेक्टेयर में बोता धान की बोनी हुई है। इसके अलावा मोटे अनाज की 8150 हेक्टेयर में, दलहन की 2410 हेक्टेयर में, तिलहन की 4120 हेक्टेयर में तथा सब्जी एवं अन्य फसलों की 13930 हेक्टेयर में बुआई पूरी कर ली गई है।

राज्य में खरीफ सीजन 2022 में 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर रकबे में खरीफ फसलों की बुआई का लक्ष्य है, जिसमें 36 लाख 60 हजार 500 हेक्टेयर में धान, 3 लाख 14 हजार हेक्टेयर में मक्का, एक लाख 6 हजार हेक्टेयर में कोटो-कुटकी, 40 हजार हेक्टेयर में रागी की बुआई का लक्ष्य है। इसी तरह दलहन फसलों के अंतर्गत अरहर की एक लाख 70 हजार, मूंग की 33 हजार, उड़द की 2 लाख 10 हजार तथा कुल्थी की 35 हजार हेक्टेयर में बुआई का लक्ष्य रखा गया है। तिलहन फसलों के अंतर्गत मूंगफली, तिल, सोयाबिन, रामतिल, सूरजमुखी अरण्डी की बुआई 2 लाख 67 हजार 700 हेक्टेयर में तथा साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की बुआई 2 लाख 83 हजार हेक्टेयर में किए जाने के लक्ष्य के विरूद्ध 27 जून तक 2 लाख 27 हजार 510 हेक्टेयर में बोनी पूरी कर ली गई है। खरीफ सीजन 2022 के लिए खाद एवं बीज की किसानों को आपूर्ति की व्यवस्था सहकारी समितियों के माध्यम से की गई है। खरीफ की विभिन्न फसलों के बीज की कुल मांग 10.05 लाख क्विंटल के विरूद्ध अब तक 7.01 लाख क्विंटल बीज का भण्डारण किया गया है। जिसके विरूद्ध किसानों द्वारा अब तक 4.72 लाख क्विंटल बीज का उठाव कर लिया गया है, जो कि भण्डारित बीज मात्रा का 58 प्रतिशत है। खरीफ में 13 लाख 70 हजार मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरक के वितरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 9.78 लाख मेट्रिक टन खाद का भण्डारण सहकारी तथा निजी क्षेत्रों में करने के साथ ही 5.69 लाख मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है।





नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# भरत की इस हरकत से परेशान होकर ईशा ने जड़ दिया था थप्पड़ 10 साल बाद मुकम्मल हुआ इश्क

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल को अपने फिल्मी करियर में तो इतनी सफलता नहीं मिली लेकिन वह अपने निजी जीवन में काफी सफल हैं। उनकी लव स्टोरी किसी फिल्म कहानी से कम नहीं है। ईशा देओल ने 29 जून 2012 को अपने बचपन के प्यार से शादी की। शादी के बाद ईशा ने अपने फिल्मी करियर को भी अलविदा कह दिया और आज उनकी शादी को 10 साल पूरे हो गए हैं। ऐसे में चलिए आपको बताते हैं ईशा और भरत तख्तानी की लव स्टोरी।



## कब हुई पहली मुलाकात

ईशा और भरत तख्तानी की पहली मुलाकात तब हुई थी, जब दोनों 13 साल के थे। दोनों अलग-अलग स्कूल में पढ़ते थे, लेकिन इंटर स्कूल कंपटीशन के दौरान दोनों की मुलाकात हो जाती थी। कहा जाता है कि भरत तभी से ही ईशा पर दिल हार बैठे थे। ईशा ने अपना नंबर टिश्यू पेपर पर लिखकर दिया था, जिसके बाद दोनों की काफी बात होती थी। एक बार इंटरव्यू में भरत से जब पूछा गया कि उन्हें ईशा में क्या पसंद आया, तो उन्होंने कहा था कि ईशा हमेशा फ्रेश नजर आती थीं। बचपन स ही ईशा पर मेरा क्रश था और हम दोनों एक दूसरे को पसंद भी करते थे।

## जब ईशा ने मारा था थप्पड़

ईशा और भरत दोनों अच्छे दोस्त बन गए थे, लेकिन दिन भरत ने कुछ ऐसा किया कि वह ईशा को एकदम पसंद नहीं आया और उन्होंने थप्पड़ जड़ दिया। दरअसल, भरत ने ईशा का हाथ पकड़ने की कोशिश की थी, जिस पर ईशा ने भरत को थप्पड़ मारा और कहा कि तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई मेरा हाथ पकड़ने की? ईशा ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि हम इन-मैच्योर थे और मैंने कई वर्षों तक भरत से बात नहीं की थी। हालांकि भरत ईशा की बहन अहाना के दोस्त हुआ करते थे और फिर 10 साल बाद एक दिन दोनों की दोबारा मुलाकात हुई।

## फिर परवान चढ़ा इश्क

ईशा और भरत 10 साल बाद कनाडा के नियाग्रा फॉल्स पर हुई थी। उस वक्त भरत ने ईशा से पूछा था कि क्या वह अब उनका हाथ पकड़ सकते हैं, तो ईशा ने उन्हें हां कहा और फिर दोनों कभी अलग नहीं हुए। इसके बाद भरत की मुलाकात हेमा मालिनी और धर्मेंद्र से हुई। हेमा मालिनी को पहली बार में ही भरत पसंद गए थे। धर्मेंद्र ने करीब एक घंटे तक भरत से बात की और फिर वह संतुष्ट हो गए थे। इस सबके बाद 2012 में दोनों की शादी हो गई।

## दो बेटियों के माता-पिता हैं

ईशा और भरत के घर शादी के पांच साल 20 अक्तूबर 2017 बाद बेटी राध्या का जन्म हुआ। इसके बाद 10 जून 2019 को उनकी दूसरी बेटी मियारा तख्तानी का जन्म हुआ। ईशा अपने बच्चों को लेकर कहती हैं कि मम्मा को हमारे (ईशा और अहाना) लिए कुछ भी करना बहुत पसंद था। अब जब मैं भी एक मां हूं को मुझे भी अपने बच्चों का हर काम करना बेहद पसंद है।

# मोस्ट पॉपुलर खलनायकः संजय दत्त से मिथुन चक्रवर्ती तक इन एक्टर्स ने नेगेटिव रोल कर जीता लोगों का दिल

फिल्म शमशेरा का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। ट्रेलर में संजय दत्त एक खतरनाक दरोगा के रोल में नजर आ रहे हैं। पिछले कुछ समय से संजय दत्त फिल्मों में एक से बढ़कर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। संजय ऐसे स्टार हैं जो नायक के रोल में जीतना जंचे खलनायक के रोल में भी वो उतनी ही तारीफें बटोर रहे हैं। संजय के साथ ऋषि कपूर और नाना पाटेकर भी ऐसे एक्टर रहे हैं जिन्होंने जवानी में लीड एक्टर के तौर पर खूब तारीफें बटोरीं पर बाद में वो खलनायक बनकर भी हीरो पर भारी पड़े।



## संजय दत्त

मुन्ना भाई, रॉकी, साजन, सड़क जैसी फिल्में कर लोगों का दिल जीतने वाले संजय अब नेगेटिव रोल करके फैंस का दिल जीत रहे हैं। संजय दत्त की हालिया रिलीज केजीएफ - 2 में संजय की एक्टिंग ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है। इसके पहले अग्निपथ और खलनायक जैसी फिल्मों में भी संजय खलनायक का रोल प्ले कर चर्चाएं बटोर चुके हैं। अग्निपथ में तो संजय की दमदार एक्टिंग ने ऋतिक को भी पीछे छोड़ दिया था। फिलहाल संजय फिल्म शमशेरा में व्यस्त हैं। फिल्म में संजय शुद्ध सिंह के रोल में नजर आने वाले हैं।

## ऋषि कपूर

बॉबी, नगीना, प्रेम रोग जैसी फिल्मों में लीड एक्टर के तौर पर नजर आने वाले ऋषि ने एक उम्र के बाद नेगेटिव रोल करना भी शुरू कर दिए। ऋषि ने पहली फिल्म जहरीला इंसान में नेगेटिव रोल प्ले किया था। इस फिल्म के बाद उन्होंने खोज में बेहतरीन एक्टिंग की थी। जिसके बाद फिल्म अग्निपथ में जब ऋषि रोफ लाला के रोल में नजर आए तो उनके दमदार डायलॉग ने ये साबित कर दिया कि उन्हें रोल कोई भी दे दिया जाए। वो अपनी एक्टिंग से उस रोल को जिंदा कर ही देंगे।

## नाना पाटेकर

अपने दमदार अभिनय से लोगों के दिलों पर राज करने वाले नाना पाटेकर ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। चाहे वेलकम का उदय भाई हो या अपहरण के तबरेज भाई, नाना हर रोल में खुद को ढाल लेते हैं। फिल्म अंगार में जब नाना ने माजिद को रोल निभाया तो उन्हें इस फिल्म के लिए बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिल गया। फिल्म शक्ति, परिंदा जैसी फिल्मों में नाना पाटेकर ने नेगेटिव रोल करके एक अलग छाप छोड़ी है।

## मिथुन चक्रवर्ती

मर्द, डिस्को डांसर, जंग, इलाका जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले मिथुन ने जब फिल्म जल्लाद में विजय बहादुर कुंवर का किरदार निभाया तो ये अवॉर्ड विनिंग बन गया। इस फिल्म के लिए मिथुन को बेस्ट नेगेटिव रोल का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। इसके अलावा भी उन्होंने कई फिल्मों में नेगेटिव रोल प्ले किया है। 2012 में आई फिल्म ओह माय गॉड को मिथुन की बेहतरीन एक्टिंग के लिए याद किया जाता है।

## सोनू सूद

सोनू साउथ फिल्म इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं। बॉलीवुड में अक्सर सोनू साइड रोल या विलेन का रोल प्ले करते नजर आते हैं। उन्होंने फिल्म दबंग, आर. राजकुमार और सिंबा जैसी फिल्मों में बेहतरीन एक्टिंग की है। दबंग का छेदी सिंह तो अब भी याद ही होगा आपको।

## रोनित रॉय

1992 में लीड एक्टर के तौर पर करियर की शुरुआत करने वाले रोनित कई टीवी सीरियल्स में नजर आए। सीरियल्स में लीड रोल प्ले करने वाले रोनित ने फिल्मों में विलेन बनकर नाम कमाया है। उन्होनें फिल्म बॉस, अगली, गुड्डू, रंगीला, डोंगरी का राजा, काबिल और फिल्म उड़ान में नेगेटिव रोल किया है। जिसने फिल्म में जान डाल दी।

साउथ एक्टर ने की 'रक्षा बंधन' के ट्रेलर की तारीफ

# राम चरण ने ट्रेलर को बताया 'खूबसूरत और पवित्र', अक्षय ने किया 'अन्ना' का शुक्रिया

अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'रक्षा बंधन' का ट्रेलर पिछले हफ्ते 21 जून को रिलीज किया गया था। ट्रेलर को सेलेब्स से लेकर फैंस तक सभी ने खूब पसंद किया। अब हाल ही में आरआरआर एक्टर राम चरण ने अपने ट्विटर हैंडल पर ट्रेलर शेयर कर तारीफ की है। साथ ही उन्होंने अक्षय कुमार को अप्रिशिएट भी किया। जिसके जवाब में अक्षय ने राम चरण को थैंक्स बोला है। दोनों एक्टर के ट्वीट्स को देखकर फैंस उनकी तारीफकर रहे हैं।



## राम चरण ने की ट्रेलर की तारीफ

राम चरण ने 'रक्षा बंधन' का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, क्या ट्रेलर है अक्षय कुमार सर। भाई-बहन का पवित्र और खूबसूरत बंधन ट्रेलर में बखूबी दिखाया गया है। राम चरण ने फिल्म के डायरेक्टर आनंद एल राय को जन्मदिन की बधाई भी दी। उन्होंने लिखा, हैप्पी बर्थडे आनंद एल राय सर।

## अक्षय ने कहा 'थैंक्यू अन्ना'

राम चरण के ट्वीट के कुछ देर बाद अक्षय ने रिएक्ट करते हुए रिप्लाई किया, थैंक्यू सो मच अन्ना। हमारे बर्थडे बॉय आनंद एल राय की तरह रक्षा बंधन की कहानी भी उतनी ही अच्छी है।

## फैंस कर रहे दोनों एक्टर्स की तारीफ

दोनों एक्टर्स के फैंस ने इस पर हार्ट इमोजी से रिप्लाई करते हुए रिएक्ट किया है। एक ने लिखा, जैसे ये दोनों एक-दूसरे की तारीफकर रहे हैं, इसे क्लास कहते हैं। दूसरे फैन ने लिखा, फैन्डम पूरे दिन नॉर्थ-साउथ करते रहते हैं, जबकि एक्टर्स एक-दूसरे की तारीफकर रहे हैं। कुछ इनसे सीखो।

## 'रक्षा बंधन' 11 अगस्त को रिलीज होगी


'रक्षा बंधन' एक दहेज पर आधारित सोशल कॉमेडी ड्रामा है। इस फिल्म में अक्षय कुमार ने एक मिड-ऐज व्यक्ति का रोल प्ले किया है, जो अपनी चार बहनों की शादी करवाने के लिए लड़का ढूंढता है, जबकि उसकी खुद की गर्लफ्रेंड शादी करने के लिए उसका इंतजार कर रही होती है। फिल्म में भूमि पेडनेकर, सहजमीन कौर, दीपिका खन्ना, सादी खतीब और श्रीकांत का सारांश भी हैं। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म 11 अगस्त को रिलीज होगी।

बॉलीवुड में ड्रग्स पर सुनील शेट्टी ने कहा

# इंडस्ट्री ड्रगीज से भरी हुई नहीं है, हम भी गलती करते हैं, बच्चा समझ माफ कीजिएगा

बॉलीवुड में समय-समय पर ड्रग्स का मुद्दा उठता रहा है। हाल ही में सुनील शेट्टी 'इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग्स अब्यूज एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग' एक कार्यक्रम में शामिल हुए और बॉलीवुड में ड्रग्स पर बात की और साथ स्टार किड्स का बचाव भी किया। उन्होंने कहा बच्चो से गलती हो जाती है।

दरअसल, ये सब दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद से हमेशा यह मुद्दा उठता रहा है। सोशल मीडिया पर भी बायकॉट बॉलीवुड जैसे हैशटैग भी ट्रेंड होते रहते हैं। इसके पहले शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को क्रूज ड्रग्स मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया तो हाल ही में शक्ति कपूर के बेटे सिद्धांत कपूर को बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार किया। हालांकि आर्यन को केस में क्लीन चिट मिल गई है।



## यहां सभी नशेड़ी नहीं हैंः सुनील

सुनील शेट्टी सीबीआई के कार्यक्रम में पहुंच कर बॉलीवुड और ड्रग्स पर बात करते हुए कहा- एक गलती करता है तो कहते हैं सब चोर हैं डकैत हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। मैं इस इंडस्ट्री में पिछले 30 सालों से काम कर रहा हूं और यहां मेरे करीब 300 दोस्त हैं। इन लोगों ने अपनी जिंदगी में कभी कुछ नहीं किया। बॉलीवुड के अंदर सभी ड्रग्स नहीं लेते हैं। गलती हम भी करते हैं, लेकिन बच्चा समझकर माफ कीजिएगा। बॉलीवुड इंडस्ट्री ड्रगीज से भरी हुई नहीं है, यहां सभी नशेड़ी नहीं हैं।

## सुनील शेट्टी का करियर

सुनील ने 1992 में 31 साल की उम्र में फिल्म बलवान से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके साथ दिव्या भारती नजर आईं थीं। सुनील को बॉलीवुड का अन्ना कहा जाता है। उन्होंने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन के रोल भी किए हैं। फिल्म धड़कन के लिए सुनील को बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिल चुका है।

# 37 साल की जिंदगी को फिल्म में समेटने के लिए रणबीर ने खूब बेले पापड़, 'संजू' बनने के लिए किए ये काम

संजय दत्त की बायोपिक संजू ने रणबीर कपूर के करियर को नया आयाम दिया है। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में संजय दत्त की जिंदगी से जुड़े हर अच्छे बुरे किस्से को दिखाया गया है। 2018 में रिलीज हुई ये हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में अभिनेता रणबीर कपूर ने संजय दत्त का रोल निभाया है। इस किरदार के लिए उन्हें काफी तारीफ भी मिली थी। ये फिल्म संजय दत्त के करियर की सबसे सफल फिल्मों में से एक है। संजू में रणबीर कपूर ने संजय दत्त बनने के लिए खूब मेहनत की है।

राजकुमार हिरानी संजय दत्त की जिंदगी से इतने ज्यादा प्रेरित हो गए थे कि उनकी निजी जिंदगी, परिवार, पॉलिटिक्स, किस्से और कोर्ट केस सभी कुछ उन्होंने फिल्म में दिखाया है। आज इस फिल्म के चार साल पूरे हो चुके हैं। हालांकि संजय दत्त की बयोपिक की स्क्रिप्ट पढ़ने से पहले वह इस रोल के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थे। लेकिन स्क्रिपप्ट पढ़ने के बाद उन्होंने ये किरदार जितने शानदार तरीके से निभाया है शायद ही कोई और ऐसा कर पाता। संजय दत्त जैसा दिखने के लिए रणबीर को खुद को फिजिकली ट्रांसफॉर्म भी करना पड़ा था।



संजय दत्त का अंदाज, उनके चलने-फिरने का स्टाइल से सभी कुछ रणबीर को कॉपी करना था। इसके लिए उन्होंने और रणबीर के स्टाइलिस्ट ने बहुत पापड़ बेले हैं। इस फिल्म के लिए पहले रणबीर को 10 किलो वजन घटाना था और फिर सेकेंड हाफके लिए 15 किलो वजन बढ़ाना पड़ा था। मस्कुलर बॉडी के लिए रणबीर दिन में आठ बार खाना खाते थे और कभी-कभी तो प्रोटीन शेक के लिए सुबह तीन बजे उठ जाते थे। बॉडी ट्रांसफॉर्म करने के लिए रणबीर ने बहुत एक्सरसाइज भी की थी।

सिर्फ इतना ही नहीं संजू बाबा का लुक लेने के लिए रात के 3 बजे से ही रणबीर का मेकअप शुरू हो जाता था, इसके लिए वह घर से करीब 2 बजे निकल जाते थे। ये मेकअप करीब सुबह 7 या 8 बजे तक चलता रहता था। इसकी शूटिंग के दौरान वह करीब 4 से 5 घंटे ही सोते थे। इतनी कड़ी मेहनत के बाद जब उनका लुक सभी के सामने आया तो लोग हैरान रह गए थे। संजय दत्त के लुक में रणबीर को पहचानना मुश्किल हो रहा था। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI th XII th B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ सहित जगदलपुर और कोरबा के दो महिला स्व-सहायता समूह होंगे पुरस्कृत

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड ने राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस तरह अब विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित होने लगा है। बकावंड में वन धन समिति के माध्यम से काजू प्रसंस्करण कर रही इकाई ने बस्तर के साथ ही पूरे राज्य और देश को भी गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ तथा जगदलपुर जिले के वनधन विकास केन्द्र बकावण्ड के साथ ही कोरबा जिले के डोंगानाला के दो स्व-सहायता समूह को प्रतिष्ठित ग्रिड पुरस्कार के लिए ई.एस.जी. वर्ल्ड समिट में नामित एवं चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए राज्य लघु वनोपज संघ सहित सभी वनधन केन्द्र के समूहों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### स्मार्ट सिटी मिशन की 7वीं वर्षगांठ : रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने आयोजित किया कैरियर मंत्र

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी मिशन की 7वीं वर्षगांठ पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने स्वामी आत्मानंद योजनांतर्गत संचालित आर.डी. तिवारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए कैरियर मंत्र वर्कशॉप आयोजित किया। नीति आयोग भारत सरकार के परामर्शदात्री सदस्य जवाहर सुरीसेट्टी, भाषाविद् विद्यापति शुक्ला ने विद्यार्थियों को उनके कैरियर के चयन निर्धारण व लक्ष्य को प्राप्त करने उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। आर.डी. तिवारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षाविद् जवाहर सुरीसेट्टी ने अभावों के बीच शिक्षा के बल पर अपने कैरियर को तराशने के आत्म संस्मरण से सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर अपने सपनों को साकार होने तक पूरी शक्ति लगाकर मेहनत करें। भाषाविद् शुक्ला ने बच्चों से कहा कि अंग्रे बोलना अत्यंत ही सरल है।

# गोबर बेचकर ग्रामीण महिला ने कमाए 1 लाख 26 हजार से अधिक की आमदनी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** पति के साथ चरवाहे का काम करने और मवेशियों का गोबर इक्ठ्ठा करने वाली श्रीमती बंशी बाई यादव को कभी यह अंदाजा नही था कि उनके जीवन उत्थान के लिए कोई सरकार योजना बनाएगी। उन्हे यही लगता था कि मवेशियों के चरवाहे के रूप में काम करना हम लोगों का परम्परागत व्यवसाय है और कभी वह जीवन में आगे नहीं बढ़ पाएगी।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई गौधन न्याय योजना ने उनकी जिंदगी बदल दी। जब से इस योजना के तहत गोबर को दो रूपए में खरीदी का मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने फैसला किया है, तब से लेकर अब तक उनके जीवन में तरक्की का सफरनामा जुड़ गया है। गोबर बेचकर बंशी बाई की की अब सभी सपने पूरे होने लगे है और वह लखपति भी बन गई है। अब तक उन्होने 1 लाख 26 हजार रुपए का गोबर बेचकर अपने परिवार की स्थिति को अच्छा बना ली है। उनके साथ उनका पति बिरझू राम यादव भी पूरा मदद करता है। गोबर बेचकर ही उन्होने अपने लिए चांदी का पायल भी खरीदी की है। और बच्चों की पढ़ाई, आभूषणों का शौक, घर की जरूरतो के साथ बकरी पालन व्यवसाय को आगे बढ़ाने का माध्यम बना गोधन न्याय योजना इसके लिए मददगार साबित हो रहा है।

कबीरधाम जिले के जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत गोछिया निवासी श्रीमती बंशी यादव पति बिरझू राम यादव की यहा बात हो रही है। बंशी यादव अपने पति बिरझू यादव के साथ गोधन न्याय योजना से जुड़कर अच्छा लाभ कमा रही है। गांव के गौठन में ही गोबर बेचकर आमदनी अर्जित कर रही है। मूल रूप से इनका चरवाहे का कार्य है जो गांव में पशुधन को लेकर सुबह से शाम घूमते हैं। पशुधन को चराने के काम में ही इनकी आर्थिक तरक्की छुपी थी जिसे गोधन न्याय योजना ने पूरा कर दिया। गोधन न्याय योजना से मिला लाभ हितग्राही श्रीमती बंशी यादव के चेहरे में साफझलकता है, अपनी मुस्कान बिखेरते हुए बंशी बताती है कि सरकार की इसपर योजना से हमारे सपने अब पूरे होने लगे हैं दो साल में ही हमें इतना लाभ हुआ कि मैं अपने लिए चांदी का लच्छा, घर का सामान और अपनी पारिवारिक जरूरतों को पूरा कर रही हूं।

हमारे घर की आर्थिक स्थिति में पहले से बहुत सुधार हुआ है इसके लिए हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को बहुत -बहुत धन्यवाद है कि उन्होंने गोधन न्याय योजना चालू कर गोबर के विक्रय से हम जैसे गरीबों का बहुत भला किया है। अब हमारा आवक बढ़ गया है इसके कारण हमारे परिवार का लालन पालन अच्छे से हो रहा है।

### बस्तर संभाग में मलेरिया सकारात्मकता दर 4.60 प्रतिशत से घटकर 0.21 पर पहुंचा

# छत्तीसगढ़ मलेरिया मुक्ति की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापना की ओर अग्रसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मलेरिया नियंत्रण की दिशा में प्रदेश सरकार ने अभूतपूर्व कार्य करते हुए ''मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़'' की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वर्ष भर पूर्व जहां प्रदेश का बस्तर संभाग मलेरिया संक्रमण का मुख्य केन्द्र होता था वहीं आज बस्तर के साथ-साथ समूचे छत्तीसगढ़ में मलेरिया संक्रमण की दर अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर तक पहुंच चुकी है। इस अभियान के छठवे चरण के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों अब तक 7 लाख 6 हजार घरों में पहुंचकर 33 लाख 96 हजार 998 लोगों की मलेरिया जांच कर चुकी है। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए मरीजों का मौके पर ही इलाज शुरू किया गया।**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छ.ग. सह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में मलेरिया से सबसे ज्यादा प्रभावित बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के पहले पांच चरणों का व्यापक असर दिखा है। यदि मलेरिया मुक्त छ.ग. अभियान के जनवरी 2020 के प्रथम चरण और छठवे चरण को तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो बस्तर जिले में पहले चरण में मलेरिया सकारात्मकता दर 2.05 और छठवें चरण में 0.09 प्रतिशत इसी प्रकार बीजापुर में पहले चरण में 5.45 और छठवें चरण में 0.44 प्रतिशत, दतेवाड़ा में 4.69 से 0.41 प्रतिशत, कांकेर में 0.35 से 0.02, कोंडागांव में 1.30 से 0.05, सुकमा मे 5.80 से 0.17 और नारायणपुर में 6.64 प्रतिशत से घटकर 1.90 प्रतिशत तक की कमीं आ चुकी है। इस प्रकार पूरे बस्तर संभाग में प्रथम चरण में मलेरिया सकारात्मकता दर जहाँ 4.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी वहीं छठवें चरण में यह घटकर मात्र 0.21 ही रह गई हैं।

विदित हो कि मलेरिया मुक्त छ.ग. अभियान के प्रथम चरण में 64 हज़ार 646 मलेरिया केस दर्ज किये गए थे वहीं छठवे चरण में केवल 7 हज़ार 170 केस पाए गए हैं जिनका तुरंत इलाज किया जा रहा है। पूर्व में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के नाम से संचालित इस अभियान के प्रभाव से वहां एपीआई यानि प्रति एक हजार की आबादी में सालाना मिलने वाले मलेरिया के मरीजों की संख्या में बड़ी कमी आई है। अभियान के अंतर्गत मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे बस्तर के पहुंच विहीन, दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर सभी लोगों की आरडी किट से मलेरिया की जांच की गई। पॉजिटिव पाए गए लोगों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थ खिलाकर तत्काल मलेरिया के इलाज के लिए दवाई का सेवन चालू किया गया। मितानिनों की निगरानी में उन्हें दवाईयों की पूरी खुराक खिलाई गई। अभियान के दौरान हर घर और हर व्यक्ति की जांच सुनिश्चित करने के लिए घरों में स्टीकर चस्पा कर जांच किए गए लोगों के पैर के अंगूठे में निशान लगाकर मार्किंग की जाती है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के महामारी नियंत्रक डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि बस्तर संभाग में वर्ष 2018 से वर्ष 2021 तक कुल 27 लाख 11 हजार 560 एवं अन्य मलेरिया संवेदनशील जिलों में 63 लाख 84 हजार 50 मच्छरदानियों का वितरण किया जा चुका है ।

# मलेरिया, डायरिया अन्य जल जनित बीमारियों के लिए जमीनी स्तर पर कार्य आवश्यक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** बारिश के मौसम में जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ा जाता है, जिससे अक्सर बच्चे, गर्भवती महिलाओं और वृद्ध जन को प्रभावित होते हैं। वर्षा ऋतु के दौरान होने वाले जल जनित बीमारियों को लेकर जिला प्रशासन सजगता से कार्य कर रही है। कलेक्टर विनीत नंदनवार द्वारा बैठकों में नियमित रूप से जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन, नालियों की साफसफाई, दवाई का वितरण, मलेरिया, डायरिया जैसी जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। इसके परिपालन में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आज छिंदगढ़ परियोजना में परियोजना अधिकारी, समस्त पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर मलेरिया डायरिया और एनीमिया प्रबंधन के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों में साफ सफाई रखें, आस पास पानी जमा नहीं होने देने के साथ ही बच्चों को खेल खेल में स्वच्छता की महत्ता पर सीख देने को कहा गया। डायरिया और एनीमिया से बचाव के उपाय करने, रात को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने हेतु जागरूक करने हेतु अभियान चलाने पर जोर दिया गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-3447/NIT-9/2022-2023/व ले लि दिनांक 23.06.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 04.07.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 08.07.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 11.07.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 9 T0044 | चिचोली किरता मार्ग के कि.मी. 1/6 (120) = 120 मी. एवं कि.मी. 1/6 (80) मी. एवं 1/8 (40) मी. का विशेष मरम्मत कार्य | 19.90 15000.00 |
| 9 T0045 | कोदवा सनकपाट बहरबोड मार्ग के कि.मी. 5/10 एवं 1/8 = 400 मी. में विशेष मरम्मत कार्य | 9.99 7500.00 |
| 9 T0046 | खेड़ा जुनवानी मार्ग के कि.मी. 1/2 (120 मी.) में विशेष मरम्मत कार्य | 9.84 7500.00 |
| 9 T0047 | टेमरी मारो गुंजेरा मार्ग के कि.मी 11/8 (40) एवं 11/10 (80) = 120 मी. एवं 11/10 (120) मी. का विशेष मरम्मत कार्य | 19.90 15000.00 |
| 9 T0048 | टेमरी मारो गुंजेरा मार्ग के कि.मी. 9/4 (200) = 200 मी. एवं 9/6 मी. का विशेष मरम्मत कार्य | 20.00 15000.00 |
| 9 T0049 | नांदघाट मुंगेली मार्ग के कि.मी. 17/10 (160) = 160 मी. एवं 19/10 160 मी. का विशेष मरम्मत कार्य | 19.10 15000.00 |
| 9 T0050 | नांदघाट मुंगेली मार्ग के कि.मी. 7/10(100) = 100 मी. एवं 8/2 (100 मी.) में विशेष मरम्मत का कार्य | 20.00 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

जी-92511/5


# ऑल इंडिया म्युजिक एवं डांस काम्पीटिशन में डॉ. पूर्णाश्री राऊत को मिला देश में दूसरा स्थान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग में पदस्थ डॉ. पूर्णाश्री राऊत को ऑल इंडिया सिविल सर्विस म्यूजिक डांस प्ले काम्पीटिशन 2021-22 के सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता में देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड द्वारा 23 जून से 26 जून तक नई दिल्ली में ऑल इंडिया सिविल सर्विस म्यूजिक एवं डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ के संस्कृति विभाग में पदस्थ डॉ. पूर्णाश्री राऊत को नृत्य के क्षेत्र में दूसरा स्थान मिला है। डॉ. पूर्णाश्री राऊत की इस उपलब्धि के लिए संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक श्री विवेक आचार्य ने विभाग की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

गौरतलब है कि डॉ. पूर्णाश्री राऊत प्रसिद्ध ओड़ीसी नृत्यांगना हैं। वे प्रदेश और देश स्तर अनेक आयोजनों में भी प्रस्तुति दे चुकी हैं।

# दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय विश्वबंधु के परिवार को मिली सहायता राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय विश्वबंधु शर्मा की पत्नी श्रीमती ललिता शर्मा को राज्य शासन द्वारा संचार प्रतिनिधि कल्याण कोष से पांच-पांच लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार द्वारा जशपुर प्रेस क्लब के सहयोग से उक्त राशि का चेक श्रीमती ललिता शर्मा को प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि स्व.श्री विश्वबंधु शर्मा लंबे समय से जशपुर जिले में सक्रिय पत्रकारिता कर रहे थे। पिछले 28 दिसंबर को उनके आकस्मिक निधन के बाद परिजनों ने शासन से आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिला जनसंपर्क



अधिकारी नूतन सिदार व जशपुर प्रेस क्लब के पत्रकार साथियों की मदद से संचार प्रतिनिधि कल्याण कोष से आर्थिक सहायता के लिए उनकी पत्नी श्रीमती ललिता शर्मा ने आवेदन कर शासन से आर्थिक सहायता की मांग की थी।

अपर संचालक, जनसंपर्क संचालनालय अटल नगर रायपुर के पत्र क्रमांक 3213 दिनांक 22 जून के अनुसार संचार प्रतिनिधि कल्याण कोष से स्वीकृत आर्थिक सहायता रुपये 05 लाख का चेक सहायक संचालक जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर को भेजा गया है।

विगत वर्ष 2021 में स्वराज एक्सप्रेस के संवाददाता पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम तिलडेगा निवासी स्व. श्री मनोज अम्बष्ट का विगत वर्ष 24 अप्रैल 2021 को कोरोना के कारण देहांत हो गया था। जिला जनसंपर्क जशपुर द्वारा उनकी पत्नी श्रीमती स्नेहा अम्बष्ट के आवेदनों को तत्काल जनसंपर्क संचालनालय भेजा गया और डेढ़ माह के अन्दर ही राज्य शासन ने उन्हें 5 लाख की सहायता राशि दिया था।


Rajesh Yadav 79870-71513, 97557-11120
Shubh Aqua
The Promise of 100% Pure Water
RO Water Purifier
Free Service RO All Brand
Spare Parts, Wholesale Rate, Sales & Service
KENT RO SALES & SERVICE
Shop No. - 03, Vinoba Nagar, Near, Surya Mall, Junwani Raod, Bhilai

MISCHIEF Men's Store UPTO 70% OFF
Complete Multibrand Store
Mo.-7999112303
mischieforignals
Shop NO. 7A/5, Ekta Tower Dakshin, Gangotri, Supela, Bhilai (C.G.)

राजहंस राजस्थानी थाली
पार्सल सुविधा
स्वाद घर का.....
राजस्थानी पारंपरिक व्यंजनों की स्वाद का आनंद लें
घड़ी चौक के सामने, गौरी लॉज के नीचे, सुपेला, भिलाई
संतोष शर्मा : 9649604367 देवीलाल शर्मा : 9783391314 प्रतीक दवे : 9752525050

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### अस्पताल में धीरे बात करने को लेकर विवाद, स्टाफ से मारपीट मामला दर्ज

**रायपुर (ए)।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के जलविहार कालोनी स्थित होरिजन अस्पताल में तीन से चार लड़कों ने जमकर हंगामा मचाया। वहां के स्टाफ से मारपीट की। आरोपित एक मरीज को लेकर आए थे। तेलीबांधा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, होरिजन अस्पताल में सोमवार शाम शंकर नगर निवासी दिव्या दुरेजा (20) सांस लेने मे तकलीफ होने पर इलाज करवाने आई थी। तीन-चार लड़के भी वहां पहुंच गए। दिव्या का इलाज आइसीयू में चल रहा था। वहीं बगल में लड़के चिल्लाकर बात कर रहे थे। गार्ड ने उन्हें धीरे आवाज में बात करने के लिए कहा। इसी बात से नाराज युवकों ने गार्ड से गाली-गलौज शुरू कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे अस्पताल के स्टाफ से गाली-गलौज और मारपीट की गई। लगभग 10 से 15 मिनट तक उत्पात मचाने के बाद ये युवक वहां से भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची। आरोपितों को ढूंढने के लिए अस्पताल का सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। इस घटना को लेकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ उनके स्वजन भयभीत रहे। बताया गया कि आसपास के बदमाश प्रवृत्ति के युवकों का इस क्षेत्र में जमावाड़ा रहता है। पुलिस की नियमित गश्त न होने के कारण ऐसे तत्वों की मनमानी चल रही है। लोगों ने कहा कि यदि ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

### बैतारी के पास 10 लाख रुपए का कबाड़ जब्त

**महासमुंद (ए)।** कबाड़ का अवैध परिवहन के मामले में सरायपाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 10 लाख रुपए कीमत का कबाड़ समेत 10 लाख रुपए का ट्रक कर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को ओडिशा की ओर से आ रहे ट्रक नंबर सीजी 04 डीएम 2081 को बैतारी के पास घेराबंदी कर रोका। ट्रक में सवार संदेही आदर्शपारा बरगढ़ ओड़िशा निवासी राजाराम मिश्रा पिता जगदीश (32) को हिरासत में लिया और ट्रक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक से कुल 18240 किलो स्क्रैप मिला। टीम ने इन समानों के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन वह नहीं कर पाया। इस कार्रवाई में एएसआई सोनचंद डहरिया, आरक्षक चंद्रशेखर साहू, मानवेंद्र ढीढ़ी शामिल थे।

### गाली देने से मना करने पर चाकू से हमला

**रायपुर (ए)।** उरला थाना क्षेत्र में एक युवक ने गाली देने से मना किया तो आरोपित ने चाकू से हमला कर दिया। उरला थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उरला थाने में शहीद नगर बीरगांव निवासी रोशन लाल साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई। वह सोमवार की रात में आरोपित चेतन गाली-गलौज कर रहा था। रोशन ने उसे मना किया। इस बात पर नाराज होकर चाकू से पेट पर हमला कर दिया। आसपास के लोग रोशन को अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य है। पुलिस आरोपित को ढूंढ रही है।

### जमीन विवाद में बड़े भाई-भाभी को मार डाला

# कुल्हाड़ी, रॉड और तलवार से किया हमला, दो भतीजियां घायल, आरोपी, उसकी पत्नी, दो नाबालिग बेटियां गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में मंगलवार रात जमीन विवाद के चलते परिवार में खूनी संघर्ष हो गया। छोटे भाई ने अपने परिवार के साथ मिलकर बड़े भाई के परिवार पर तलवार, कुल्हाड़ी और रॉड से हमला कर दिया। भाई और भाभी की हत्या कर दी। दो भतीजियां गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना पर पहुंची सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी, उसकी पत्नी और दो नाबालिग बेटियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि विवाद सुबह से ही चल रहा था। इसको लेकर सकरी थाने में शिकायत की गई थी, पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।



जरहाभाठा ओमनगर के बैदु गैरेज के पास रहने वाले दीपक गढ़ेवाल (42) चार भाई थे। इसमें एक भाई ने शादी नहीं की, जबकि एक छोटे भाई की मौत हो चुकी है। दीपक अपनी पत्नी पुष्पा (40), बेटी हर्षिता (20) व रोशनी गढ़ेवाल (23) के साथ रहता था। पड़ोस में ही उसका सबसे छोटा भाई ओम प्रकाश गढ़ेवाल (40) अपनी पत्नी संगीता गढ़ेवाल (39) व दो नाबालिग बेटियों के साथ रहता है। परिवार की सकरी के ग्राम पांड़ में 7 एकड़ पैतृक जमीन है। इसे ही लेकर दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा है।

दीपक के छोटे भाई की पत्नी नीलम ने पुलिस को बताया कि मंगलवार सुबह उसके जेठ-जेठानी अपने हिस्से के खेत में धान की बुआई करने के लिए पांड़ गए थे। वहां ओम प्रकाश पहले से गुंडे लेकर पहुंचा था। उन लोगों ने जेठ-जेठानी को दोपहर में ही खेत से भगा दिया। वहां से लौटने के बाद जेठ दीपक अपनी पुष्पा के साथ सकरी थाने शिकायत करने पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया, पर किया कुछ नहीं। इसके चलते वह घर लौट आए।

#### थाने से घर लौटते ही हमला किया, हत्या कर दी

नीलम ने पुलिस को बताया कि घर लौटते ही ओम प्रकाश उसकी पत्नी संगीता व उनकी नाबालिग बेटियों ने विवाद शुरू कर दिया। देखते ही ही देखते चारों ने मिलकर तलवार, कुल्हाड़ी और रॉड से हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने दीपक व पुष्पा की हत्या कर दी। वहीं उनकी दो बेटियां हर्षिता और रोशनी घायल हो गई हैं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। नीलम ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। उसके एक जेठ और हैं, जो दीपक के ही परिवार के साथ रहते थे। ओम प्रकाश अपने भाइयों की जमीन हड़पना चाहता था।

जमीन विवाद के चलते हुई इस खूनी संघर्ष में आरोपी ओम प्रकाश और उसकी पत्नी भी घायल हो गई हैं। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद ओम प्रकाश व उसकी पत्नी व बेटियां थाने पहुंच गईं। मोहल्लेवालों ने हत्या की जानकारी दी, तब पुलिस घटनास्थल पहुंची। इस बीच दोनों शव के साथ ही घायल लड़कियों को सिम्स भेजा गया। पुलिस ने मामले में आरोपी ओमप्रकाश, संगीता व उनकी दो नाबालिग लड़कियों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### ओम प्रकाश बोला-ऑटो में तोड़फोड़ कर रहा था बड़ा भाई

इधर, पुलिस गिरफ्त में आए ओम प्रकाश ने बताया कि उसका बड़ा भाई दीपक उसकी ऑटो में तोड़फोड़ कर रहा था। इस दौरान उसकी पत्नी संगीता व बेटियां उन्हें मना करने पहुंचीं, तब दीपक ने संगीता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गिर गई। पत्नी को गिरते देखकर ओमप्रकाश आया और दीपक से कुल्हाड़ी लेकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

### पूर्व प्रेमी के साथ रची ब्वॉयफ्रेंड को मारने की साजिश

# लक्की हत्याकांड में नाबालिग गर्लफ्रेंड को भी पुलिस ने पकड़ा, ऑडियो क्लिप से खुला राज

**कांकेर (ए)।** कांकेर में 24 अप्रैल को रुद्री नदी में मिले भावेश देवांगन उर्फ लक्की (21) की हत्या मामले में धमतरी पुलिस ने उसकी नाबालिग गर्लफ्रेंड को भी पकड़ लिया है। आरोप है कि उसने ही अपने पूर्व प्रेमी और दोस्तों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। ऑडियो क्लिप मिलने के बाद इस बात का खुलासा हुआ है। पुलिस इस मामले में लक्की के दोस्तों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पूरा मामला लव ट्रांयगल में हत्या किए जाने का है।



दरअसल, कांकेर के कोरर में कोदागांव निवासी लक्की 23 अप्रैल को अपने दोस्तों सिंगारभाटा निवासी उमाशंकर नागे और संजय नगर निवासी नाबालिग के साथ धमतरी जाने के लिए निकला था। आरोपियों ने लक्की को उसकी गर्लफ्रेंड से एक युवक के छेड़खानी करने की जानकारी दी थी। धमतरी पहुंचने पर वहां रह कर पढ़ाई कर रहे एक अन्य नाबालिग को भी साथ ले लिया। तीनों दोस्त लक्की को रूद्री नदी के पास लेकर गए और वहां उसे जमकर शराब पिलाई। फिर उसके कपड़े उतारे और हत्या की नीयत से नहर में फेंक दिया था।

लक्की की हत्या के बाद पूर्व प्रेमी उमाशंकर नागे और एक नाबालिग लक्की की गर्लफ्रेंड के कमरे में पहुंचे। वहां उससे मैगी बनवाई और तीनों ने खाई। इसके बाद लक्की की बाइक लेकर कोरर के मोदे पहुंचे और बाइक को जलाकर कांकेर लौट गए। खास बात यह है कि ग्रामीणों ने शनिवार शाम 6.30 से 7 बजे के बीच दो बाइक सवारों के साथ लड़की को भी देखे जाने की बात कही थी। हालांकि पुलिस ने तब गर्लफ्रेंड को क्लीन चिट दे दी थी। इसके बाद से ही लक्की के परिजन और गांव के लोग लड़की की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

पुलिस को कांकेर के रामनगर निवासी लड़की के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिल रहे थे। इस पर लक्की के परिजनों ने ही पुलिस को ऑडियो क्लिप उपलब्ध कराई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि गर्लफ्रेंड ने लक्की को धमतरी मिलने के बहाने बुलाया था, लेकिन जब वह लापता हुआ तो पूछताछ करने पर गुमराह करती रही। हत्या की जानकारी होने के बावजूद साक्ष्य को छुपाती रही। इस आडियो क्लिप में स्पष्ट हो गया गर्लफ्रेंड हत्यारे तीनों दोस्तों से मिली हुई थी। पुलिस एक सप्ताह पहले ही लड़की को पूछताछ के लिए ले गई थी।

जांच में यह भी खुलासा हुआ कि धमतरी सनौद के छात्र एकांश साहू पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर लक्की को बुलाया गया था, उसी पर हत्या का पूरा मामला थोपने की तैयारी थी। गर्लफ्रेंड और उसकी मां ने एकांश को सलाह दी थी कि वह अपना मोबाइल बंद कर फरार हो जाए। उनकी मंशा थी कि इससे हत्या का आरोप एकांश पर मढ़ा जा सकेगा। छात्र ने ऐसा नहीं किया। उसी ने बताया कि भावेश के साथ तीनों युवक व लड़की गए थे। छात्र ने यह भी बताया कि उसने कभी छेड़छाड़ नहीं की, बल्कि लड़की ही उससे बार बार बात करती थी।

#### पूर्व प्रेमी ने साजिश रची, तो लड़की भी हो गई शामिल

पुलिस पूछताछ में पता चला कि उमाशंकर नागे का रामनगर कांकेर निवासी लड़की से 3 साल से प्रेम संबंध था। इसी दौरान पिछले 3-4 माह से भावेश उर्फ लक्की भी लड़की से बातचीत करते हुए उसके काफी करीब आ गया था। जिससे लड़की उससे प्रेम करने लगी थी। इसी बात को लेकर हत्या के 20 दिन पहले उमाशंकर ने लक्की के साथ झगड़ा करते उसे धमकाया था। पूर्व प्रेमी ने अपने प्यार के रास्ते में आए लक्की को हटाने के लिए दो दोस्तों के साथ मिलकर साजिश रची। इसमें युवती भी शामिल हो गई।

### ठग दंपत्ति को गिरफ्तार करने मकान खरीदने के बहाने से पहुंची पुलिस



**रायपुर (ए)।** सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपित दंपत्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सात लाख रुपये की ठगी के मामले में आरोपित रोनी ब्रोम और उसकी पत्नी श्रेया ब्रोम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपित लगातार फरार थे।

पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित टिकरापारा थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे हैं। साथ ही राजातालाब स्थित अपने मकान को बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना मिलने पर मंगलवार सुबह पुलिस मकान खरीददार बनकर रोनी ब्रोम के पास पहुंची। जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रार्थी अजय बाघे दोनों पति-पत्नी के खिलाफ सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने दोनों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। बता दें कि सरकारी विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर राजधानी में एक बड़ा रैकेट चल रहा है। मंत्रालय से लेकर किसी भी सरकारी विभाग में पद निकलने के साथ ही ये सक्रिय हो जाते हैं। इनका रहन-सहन देखकर लोग इनसे प्रभावित हो जाते हैं। पैसे लेने के बाद एक नियत समय के बाद नियुक्ति की बात कही जाती है पर ऐसा नहीं होता तब लोग पुलिस के पास जाते हैं। कई प्रकरणों में तो पीड़ितों को फर्जी नियुक्ति पत्र तक पकड़ा दिए जाते हैं।

#### बिजली अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर

विद्युत अधिकारी के द्वारा की गई शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। कल देर रात अधिकारी ने पुलिस से शिकायत की थी कि उपभोक्ताओं को बिजली कटने के फर्जी संदेश भेजकर ठगी की जा रही है। अधिकारी ने पुलिस को ऐसे संदेश भेजने वाले दो मोबाइल नंबर भी दिए थे। हालांकि पुलिस ने जब इन नंबरों पर फोन किया तब वे बंद मिले। जांच के बाद आज पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

### शादी के लिए गर्लफ्रेंड बनाई दबाव, इसलिए मार दिया

# गुस्साए बॉयफ्रेंड ने गला घोंटा, फिर पत्थर से बांधकर फेंकी लाश, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर-चांपा जिले में पिछले दिनों हुई युवती की हत्या का राज खुल गया है। उसकी हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही बॉयफ्रेंड ने की थी। बताया गया कि लड़की अपने प्रेमी पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इसके बाद उसने युवक को जहर खाकर जान देने की धमकी भी दी थी। जिसके बाद गुस्साए युवक ने पहले तो युवती का गला घोंटा। फिर पत्थर से बांधकर उसकी लाश को तालाब में फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने अब आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है।

24 जून की शाम को तालदेवरी गांव के बेमन तालाब में एक युवती की लाश मिली थी। वहां नहाने गए लोगों ने उसकी लाश देखी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला था। शव निकालने पर पता चला था कि शव को 2 पत्थरों से बांधा गया था। इसके अलावा शव को पॉलीथिन से बांधकर फेंका गया था। इसी वजह से पुलिस को उस लड़की की हत्या का शक था। बाद में शव की पहचान तालदेवरी निवासी सुमन यादव(21) के रूप में हुई थी। ये भी पता चला था कि सुमन पिछले 4 दिनों से लापता थी।

इधर, परिजनों ने भी उसी दिन लड़की के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। शव मिलने के बाद परिजनों को भी मौके पर बुलाया गया था। अगले दिन एफएसएल की टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर गए थे। मामले में जांच शुरू की गई थी। इस दौरान पुलिस ने गांव के करीब 25 लोगों से अलग-अलग पूछताछ की थी। जांच में पुलिस को पता चला था कि सुमन का प्रेम संबंध गांव के रहने वाले नितेश श्रीवास(21) से था। पुलिस ने इस मामले में सुमन के पिता मोहन यादव से भी पूछताछ की थी। जानकारी मिली है कि मोहन को सुमन के प्रेम प्रसंग के बारे में पता था। इसलिए वह सुमन से नाराज था। बात भी नहीं कर रहा था। वहीं जिस पत्थर को सुमन के शव से बांधा गया था। उसके लिए सुमन के दुपट्टे का इस्तेमाल किया गया था। दोनों पत्थर करीब 15-15 किलो के थे। मगर मोहन ने दुपट्टे को ही पहचानने से इनकार कर दिया था। जबकि वह दुपट्टा सुमन घर में हमेशा इस्तेमाल किया करती थी। इसलिए पुलिस को सुमन के पिता पर शक था कि हत्या उसी ने की है।

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्टाली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### पुस्तक सगर्भय संस्तव का विमोचन

**दुर्ग।** होटल सेलेब्रेशन रायपुर में रविवार की शाम मैथिल ब्राम्हणों की भारत एवं विश्व के विकास में योगदान पर लिखित पुस्तक सगर्भय संस्तव का हुआ विमोचन व विशिष्टजनों का सम्मान,गोष्ठी,कवि सम्मेलन,सांस्कृतिक कार्यक्रम इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से सम्पन्न हुआ जिसमें प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र द्वारा रचित एवं मनीष झा द्वारा संपादित पुस्तक का अत्यंत गरिमामय समारोह में लोकार्पण हुआ।वैवाहिक वेब साइट मैथिल ब्राह्मण विवाह बंधन का ऑनलाइन उद्धघाटन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ राज्य शासन और रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय, अध्यक्षता डॉ.बुद्धिनाथ मिश्र प्रसिद्ध कवि,साहित्यकार देहरादून तथा समाजशास्त्र के प्रोफेसर डॉ.शशांक शेखर ठाकुर जबलपुर,मिथिला सांस्कृतिक संगम प्रयागराज के अध्यक्ष डॉ. अवधेश झा,प्रसिद्ध पत्रकार, समाजसेवी कृष्णमोहन झा भोपाल, प्रफ्फुल मिश्र,गीतकार,कवि बेगूसराय, प्रसिद्ध गायक,पत्रकार अवनींद्र ठाकुर,छत्तीसगढ़ रेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट के सीईओ जे एन झा,रायपुर वनमण्ड़ल अधिकारी विश्वेश राय,वित्त कंट्रोलर शंकर झा,वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक चौधरी,छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे,पंडित नर्मदा प्रसाद मिश्र के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

#### जनता की मांग, जल्द होगा काम पूरा

# 20 लाख से खुर्सीपार के सार्वजनिक मंगल भवन में होगी प्रकाश व्यवस्था

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के पास वार्ड 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में स्थित मंगल भवन में प्रकाश व्यवस्था की जा रही है करीब 20 लाख की लागत से उस काम को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है जल्द ही यह काम पूरा कर लिया जाएगा और मंगल भवन में प्रकाश की व्यवस्था कर दी जाएगी जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।**



**जनता की मांग जल्द होगी पूरी**

बोर्डिंग जवान शहीद वीर नारायण नगर के वरिष्ठ और सम्मानित नागरिकों की मांग किया कि मंगल भवन में प्रकाश की व्यवस्था की जाए सम्मानित नागरिकों की मांग जल्द से जल्द पूरी की जाएगी उसके लिए प्रकाश व्यवस्था करनी शुरू करा दी गई है जल्दी काम पूरा कर लिया जाएगा और क्षेत्र के नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा

देवेन्द्र यादव, विधायक भिलाई नगर

गौरतलब है कि जुलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव वार्ड के नागरिकों का हाल चाल जानना और भेंट मुलाकात करने के लिए गए थे तब लोगों के साथ एक मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और वार्ड की समस्याओं के संबंध में वार्ड के नागरिकों के साथ चर्चा की।

चर्चा के दौरान वार्ड के नागरिकों ने उन्हें बताया कि वार्ड 51 शहीद वीर नारायण नगर में एक मंगल भवन का निर्माण किया गया है लेकिन यह प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने की वजह से रात्रि कालीन सांस्कृतिक धार्मिक पारिवारिक आयोजन करने में समस्या होती है जनता की मांग पर नगर विधायक देवेंद्र यादव मंगल भवन का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था कि वे जल्द से जल्द मंगल भवन में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करें ताकि रात्रि कालीन आयोजनों में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो विधायक देवेंद्र यादव जी के निर्देश के बाद मंगल भवन में प्रकाश व्यवस्था कार्य शुरू कर दिया गया है जल्द ही यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा इस कार्य के होने से भिलाई नगर विधायक का वार्ड के नागरिकों ने धन्यवाद किया और आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वार्ड में निरंतर के विकास कार्य हो रहे हैं निरंतर लोगों की समस्याओं को सुनने व जानने के बाद वे समाधान कर रहे हैं जिससे लोगों को काफी राहत मिली है और इस पहल के लिए पूरे वार्ड वासियों ने उनका बारंबार आभार जताया।

## बारिश में नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण

#### मॉर्निंग विजिट में सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का धुआंधार दौरा किया। जिन क्षेत्रों में बारिश के वजह से जलभराव की समस्या होती थी उन क्षेत्रों के बड़े नालों को प्राथमिकता क्रम पर सफाई कराई गई है।

वही ऐसी नालियां जहां बारिश में जल निकासी की व्यवस्था नहीं है उन नालियों की सफाई उन्होंने स्वयं खड़े होकर करवाई, सफाई एजेंसी को भी उन्होंने मौके पर तलब करते हुए नालियों की सफाई पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृष्णा नगर के विभिन्न इलाकों में नालियों का निरीक्षण किया, कई स्थानों पर नालियों में कचरे की वजह से रुकावटें उत्पन्न हुई थी जिसे निगम आयुक्त ने स्वच्छता कर्मियों की सहायता से क्लियर करवाया। नाली से निकलने वाले मलबा को तत्काल रुप से हटाने के निर्देश दिए आयुक्त ने अधिकारियों को दिए। कोसानाला के समीप स्थित नाला का निरीक्षण आयुक्त ने किया।

नाला का कचरा हटाकर इसकी विस्तृत सफाई की गई है। उल्लेखनिय है कि महापौर नीरज पाल ने बारिश से पूर्व सभी बड़े नालों और छोटे नालियों की सफाई करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए थे। इसी तारतम्य में नालों की सफाई बारिश पूर्व की जा चुकी है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने के लिए अपील जारी की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने इस्पात नगरी की सिवरेज और पेयजल सिस्टम को व्यवस्थित बनाये रखने के लिए जनहित में एक अपील जारी कर आम नागरिकों से अनुरोध किया है। 10 मुख्य बिन्दुओं पर आम जनता का ध्यान आकर्षित किया गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र का जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर वासियों के आवासों में स्थित सीवर सिस्टम की सफाई एवं अनुरक्षण के साथ-साथ पेयजल प्रदाय हेतु मौजूद पाइप लाइन सिस्टम का अनुरक्षण हेतु निरन्तर प्रयासरत है। इस कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के लिए इस्पात नगरी के नागरिकों से सहयोग अपेक्षित है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें और कार्यवाही करें ताकि नगर का सीवर सिस्टम एवं पेयजल सिस्टम सुव्यस्थित रूप से चलता रहे तथा आवासधारियों को कोई परेशानी नहीं उठाना पड़े। आवासों के पीछे स्थित सीवर सिस्टम, पेयजल का पाइप सिस्टम सर्विस लाइन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण अथवा बॉउंड्री वाल न बनाये। इसके साथ ही आवासों के समीप स्थित मैनहोल एवं इंस्पेक्शन चेंबर पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त निर्माण ना करें तथा उस जगह का पक्कीकरण (सीमेंटिंग अथवा पेवर्स) न लगायें। आवासों के आस-पास स्थित बरसाती नालों को अनाधिकृत रूप से ना घेरें, अन्यथा बरसात का पानी मैनहोल में जाने से मैनहोल जाम हो जाएगा जिससे घर में पानी घुसने की संभावना बन जाती है।

# राखी बनाने के लिए जेलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** हर कोई सामान अवसर और सम्मान की चाह रखता है। परंतु हमारा समाज कई बार विभिन्न वर्गों को नजर अंदाज करता है। समाज में सभी लोगों को सर उठाकर जीने का मौका मिले इसलिए छत्तीसगढ़ उड़ान नई दिशा संस्था कलेक्टर के समक्ष जेल में रह रही महिला कैदियों के प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन लेकर पहुंची थी। आने वाले अगस्त माह में राखी का त्योहार है। जिसमें संस्था चाहती है कि वह महिला कैदियों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दे और उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा प्रशस्त करे। विगत कई वर्षों से संस्था महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने और स्वरोजगार मुहैया



कराने की दिशा में कार्य कर रही है। अभी तक संस्था द्वारा लगभग 2500 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उन्हें अपने पांव में खड़ा किया गया है। संस्था की खासियत रही है कि वह महिलाओं को रोजमर्रा की आवश्यकताओं में काम आने वाले उत्पाद पर प्रशिक्षण देती है। संस्था के आवेदन पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने संज्ञान लेते हुए एसपी वैभव पल्लव से इस विषय पर चर्चा की और यथा संभव सहयोग का अश्वासन संस्था को दिया।

अपने ही जमीन के सीमांकन के लिए आवेदक को जनदर्शन पहुंचना पड़ा। आवेदक ने बताया कि चंदखुरी दुर्ग में पैतृक संपत्ति के रूप में उसके पास कृषि भूमि है। जिसके सीमांकन के लिए वह कई बार आवेदन लगा चुका है परंतु असफल रहा है। इसलिए कलेक्टर से उसका निवेदन था कि उसके आवेदन पत्र पर सहानुभुति पूर्वक विचार किया जाए और सीमांकन के अग्रिम कार्यवाही के लिए सक्षम अधिकारी को निर्देशित किया जाए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को आवेदक के साथ-साथ अन्य सीमांकन पर भी संबंधित अधिकारी को शीघ्र कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम आरटीआई के तहत् सभी वांछित दस्तावेजों के साथ प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन करने पर भी आवेदक की बेटी शिक्षा के अधिकार से वंचित है।

#### बैकुण्ठधाम को बदनाम करने की हो रही कोशिश, कहा-

# झूठे प्रकरण में फंसाने की साजिश-राजेन्द्र अरोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व भिलाई निगम के पूर्व सभापति राजेन्द्र अरोरा तथा दिवाकर भारती ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के जरिए होटल कारोबारी सुभाष साव से जान माल के खतरे की आंशका जताई है। उन्होंने इसे लेकर जिले के एसपी से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची जा रही है। वहीं राजेन्द्र सिंह अरोरा ने कहा कि बैकुण्ठधाम को बदनाम करने की कोशिस की जा रही है।



बता दें अवैध वसूली के एक मामले में होटल कारोबारी सुभाष साव की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने कांग्रेसी नेता राजेन्द्र अरोरा व दिवाकर भारती के खिलाफ धारा 384, 34 और 506 के तहत अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद राजेन्द्र अरोरा व दिवाकर भारती ने गिरफ्तारी से बचने के लए अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई। जमानत मिलने के बाद दोनों कांग्रेसी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर उन्हें झूठे प्रकरण में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

प्रेसवार्ता के दौरान राजेंद्र अरोरा और दीवाकर भारती ने बताया कि सुभाष साव द्वारा संचालित होटल अमित इन्टरनेशनल और अमित पार्क में पार्किंग की जगह का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। पार्किंग के लिए जो जगह आरक्षित होनी चाहिए वह व्यवसायिक उपयोग में लाया जा रहा है। इसके कारण इनके होटल के सामने वाहनों की कतार रहती है जो जीई रोड तक पहुंच जाती है।

राजेन्द्र अरोरा व दिवाकर भारती ने सुभाष साव के तीन होटलों को नियम विरुद्ध संचालित होने का आरोप लगाया गया है। दोनों नेताओं ने कहा कि जांच को प्रभावित करने के सुभाष साव द्वारा कई तरह से दबाव डाला गया। हमने उनकी बात नहीं मानी इसलिए सुभाष साव द्वारा सुपेला थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि सुभाष साव ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी और हाईकोर्ट के आदेश के बाद सुपेला एफआईआर दर्ज की। इस मामले में दुर्ग कोर्ट ने हमें अग्रिम जमानत दी है। राजेन्द्र अरोरा का कहना है। मुझे दुर्ग न्यायालय से अग्रिम जमानत मिलने के बाद इन तीनो होटलों के संचालक सुभाष साव द्वारा कहा जा रहा है की अभी तो एक मामले में अग्रिम जमानत कराया है।

#### निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने समीक्षा बैठक में राशि राजसात करने के दिए निर्देश

# भवन अनुज्ञा प्राप्त करने के बाद नहीं बनाथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने विभागीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में बरसात को देखते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर आयुक्त ने समीक्षा ली। अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोगों ने भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया है।




निगम आयुक्त ने ऐसे लोगों की नियम अनुसार राशि राजसात करने के निर्देश दिए हैं, प्रारंभिक तौर पर 92 लोगों का चयन किया गया है जिनकी राशि राजसात की जाएगी। इन सभी को नोटिस जारी करने के साथ ही तीन बार प्रकाशन के माध्यम से रेन वाटर हार्वेस्टिंग की राशि राजसात करने संबंधी सूचना दी जा चुकी है। फिर भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इन्होंने नहीं तैयार किया है, इनकी एफडीआर की जमा राशि के मुताबिक राशि राजसात होगी और इन्हीं राशि से नगर निगम भिलाई रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इनके घरों में बनाएगा। वर्ष 2011 से 4000 लोगों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनाया था, परंतु निगम के नोटिस जारी करने के बाद से लगभग 3000 लोगों ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया है जिसमें से कई लोग रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए अभी भी बचे हुए हैं, इन पर निगम सख्ती अपनाएगा। उल्लेखनीय है कि घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाना अनिवार्य है। बरसात के पानी को सहेजने एवं भूगर्भ में बरसाती पानी को भेजने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम तैयार किया जाता है। इस सिस्टम से वाटर रिचार्ज एवं वाटर लेवल बना रहता है। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने शासन की योजनाओं के कार्यों की जानकारी ली, वन होम वन ट्री अभियान की समीक्षा, नाला सफाई की समीक्षा एवं पेयजल व्यवस्था आदि की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने नालियों से अतिक्रमण हटाकर नालियों की सफाई किए जाने को लेकर अधिकारियों की पीठ भी थपथपाई और कहीं भी जलभराव नहीं होने देने के निर्देश दिए, बारिश को देखते हुए सदैव अलर्ट रहने अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त रमाकांत साहू, प्रभारी अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जॉन आयुक्त मनीष गायकवाड, येशा लहरें, अमिताभ शर्मा एवं एनआर रत्नेश, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, डीके वर्मा, टीके रणदिवे, सुनील दुबे, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख आदि मौजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950